वर्ष : 26 अंक : 16 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 06 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 14 जनवरी तक स्कूल बन्द

## कड़ाके की ठंड के चलते फैसला, नर्सरी से 8वीं तक के बच्चों की छुट्टी




**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर भारत में पड़ रही भीषण ठंड और कोहरे को देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा में नर्सरी से कक्षा-8 तक के सभी स्कूल 14 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने इस संबंध में आदेश दिए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने बताया कि घने कोहरे और अत्यधिक ठंड के कारण गौतमबुद्धनगर में संचालित समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त आठवीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

भीषण ठंड और कोहरे को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर जिले के नर्सरी से आठवीं तक के स्कूल 14 जनवरी तक बंद रहेंगे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने बताया कि पहले 6 जनवरी तक स्कूल बंद करने की घोषणा की गयी थी। लेकिन बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने नर्सरी से आठवीं तक के सभी स्कूलों को 14 जनवरी तक बंद रखने के निर्देष दिए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में स्कूलों को नोटिस भेजा है। बता दें कि उत्तर भारत में लगातार भीषण ठंड पड़ रही है और पारा लगातार गिर रहा है।

# नोएडा शहर के खाते में आई एक और बड़ी उपलब्धि, मिली 5 स्टॉर रैंकिंग

## सीईओ ने नोएडावासियों व कर्मचारियों को दी बधाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के शहर नोएडा के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। स्वच्छता सर्वेक्षण में नोएडा को 5 स्टॉर रेंकिंग हासिल हुई है। इस उपलब्धि के लिए नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. लोकेश एम. ने नोएडावासियों को बधाई दी है।




नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम. ने बताया कि इस वर्ष भी सभी 24 इंडीकेटर्स में सफलता हासिल कर नोएडा ने स्वच्छता सर्वेक्षण में 5 स्टॉर सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नोएडा ने पहली बार वॉटर प्लस सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया है, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसके लिए नोएडा वासियों के अलावा नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी है। सीईओ डॉ. लोकेश एम. ने कहा है कि वर्ष 2024 के स्वच्छता सर्वेक्षण में जीएफसी कैटेगिरी में 7 स्टॉर रेंकिंग के लिए नोएडा तैयार है।

आपको बता दें कि, आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शहरों की स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग निकाली जाती है, जिसमें जनसंख्या के आधार पर शहरों की रैंक निश्चित की जाती है। नोएडा प्राधिकरण 3 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या की श्रेणी में प्रतिभाग करता आया है। इस क्रम में सन् 2018 में नोएडा की रैंक 324 रही और सन् 2019 में रैंक में सुधार लाकर यह रैंक 150वीं हो गई और नौएडा को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वर्ष 2019 में नोएडा को Garbage Free City Category में 3 स्टार रैंकिंग, Open Defecation Free City Category में ODF++ का कीर्तिमान प्राप्त हुआ।

सन् 2020 में 25वीं रैंक एवं सन् 2021 में 4 रैंक, Cleanest Medium City एवं 5 Star Garbage Free City के साथ नोएडा ने अपनी सफाई व्यवस्था सुदृढ़ एवं Processing क्षमता को निरन्तर बढ़ाया है। फलस्वरूप सन् 2022 में 5वीं रैंक के साथ नोएडा Best Self Sustainable City चयनित किया गया।

नोएडा प्राधिकरण को Garbage Free City (GFC) Category में 5 स्टार रैंकिंग प्राप्त हुई है। नोएडा प्राधिकरण द्वारा Door to Door Waste Collection Agency के माध्यम से समस्त क्षेत्र से कूड़े को सूखे एवं गीले कूड़े के रूप में पृथक-पृथक एकत्रित कर निस्तारित किया जाता है। गीले कूड़े से कम्पोस्ट प्लान्ट, बायो मिथेनाईजेशन प्लान्ट के माध्यम से गैस एवं खाद निर्मित की जाती है तथा सूखे कूड़े को Material Recovery Facility (MRF) Center के माध्यम से वैज्ञानिक पद्धति से पृथक-पृथक कर रिसाईक्लिंग के माध्यम से पुन: प्रयोग में लाया जाता है।

# नोएडा में ईरानी महिला की चाकू घोंपकर हत्या

## परिवार में झगड़े के बाद हुई घटना, चार हिरासत में

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-116 में बीती रात हुए आपसी विवाद में एक व्यक्ति ने



अपनी रिश्तेदार महिला की चाकू घोप कर हत्या कर दी। मृतका और आरोपी मूल रूप से ईरान के रहने वाले हैं और नोएडा में किराए पर रह रहे हैं। इस मामले में थाना सेक्टर-113 पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है।

थाना प्रभारी सर्वेश कुमार ने बताया कि मूल रूप से ईरान के तेहरान निवासी जीनत तथा उसके रिश्तेदार इमरान हाशमी सेक्टर-116 में एक ही मकान में किराए पर रह रहे हैं। बीती रात्रि इमरान हाशमी का किसी बात को लेकर जीनत व उसके परिजनों से वाद विवाद हो गया। वाद विवाद इतना बड़ा की इमरान हाशमी तथा उसके परिजनों ने जीनत तथा उसके परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान इमरान ने चाकू से जीनत पर कई वार किये जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गई। परिजन गंभीर स्थिति में जीनत को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसने दम तोड़ दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है जीनत के परिजनों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# मजदूर नेता पर हमले के विरोध में प्रदर्शन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मजदूर नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा के साथ हुई मारपीट के विरोध में आज कई मजदूर संगठनों ने सूरजपुर स्थित पुलिस कमिश्नर दफ्तर पर पैदल मार्च निकाला। संगठन से जुड़े लोग मजदूर नेता पर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

आपको बता दें कि दो दिन पूर्व सूरजपुर स्थित माओ कंपनी के बाहर प्रदर्शन के दौरान दबंगों ने मजदूर नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की है। मारपीट के विरोध में आज कई मजदूर संगठन सूरजपुर स्थित पुलिस कमिश्नर दफ्तर पहुंचकर धरना एवं प्रदर्शन किया। धरना की अगुवाई किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा कर रहे थे।

प्रदर्शन में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश शर्मा ने कहा कि जिस तरह से मजदूर नेता के साथ गुंडागर्दी की गई है वह निंदनीय है। उन्होंने मांग करते हुए स्थानीय चौकी प्रभारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों को तत्काल वहां से हटाए जाने की मांग की है ।

# मीशो, अमेजॉन तथा फ्लिपकार्ट की पैकिंग में छात्रों को भेजते थे ड्रग्स

## गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, नामी विश्वविद्यालय का छात्र भी शामिल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बार फिर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से हाईग्रेड मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी ऑनलाइन ऑर्डर मिलने पर छात्र-छात्राओं तथा बड़े-बड़े ऑफिस में नशे की खुराक पहुंचाने का काम करते थे। विभिन्न नामी कंपनियां के कोरियर पैकेटों में मादक पदार्थों को पैक कर इन्हें राइडर के माध्यम से पहुंचाया जाता था। पकड़े गए आरोपियों में एक नोएडा के नामी विश्वविद्यालय का छात्र है।

नोएडा जोन के डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि थाना सेक्टर-126 प्रभारी सुबोध कुमार को सूचना मिली कि मादक पदार्थ तस्कर ऑनलाइन डिमांड पर विभिन्न विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों की सप्लाई कर रहे हैं। सूचना के आधार पर एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर 125 से सागर, सचिन, चेतन, निशांत तथा हर्ष को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से करीब 13 किलो शिलांग का गांजा, 300 ग्राम चरस व 10 ग्राम ओजी बरामद हुआ। पुलिस ने नशे के सामान की सप्लाई में प्रयुक्त होने वाली दो बाइक भी सीज की है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया चेतन एक नामी विश्वविद्यालय से होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रहा है। इसके अलावा सचिन और हर्ष आईटीआई के छात्र हैं पकड़ा गया निशांत मादक पदार्थों को छात्र-छात्राओं का पहुंचने का काम करता था। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल फोनों से भी पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। आरोपी छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन ऑर्डर व पेमेंट लेने के बाद निशांत के जरिए मादक पदार्थ पहुंचने थे। किसी को शक ना हो इसलिए नशे के समान को मीशो, अमेजॉन तथा फ्लिपकार्ट की पैकिंग में छात्र-छात्राओं तक पहुंचाया जाता था। पकड़े गए आरोपी छात्र-छात्राओं के अलावा विभिन्न ऑफिसों के लोगों को भी नशे का सामान उपलब्ध कराते थे। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पिछले काफी समय से इस धंधे को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए का नशे का सामान बराबर हुआ है

# गूगल रिव्यू के नाम पर लाखों की ठगी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गूगल रिव्यू देने पर बेहतर रिटर्न का लालच देकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति से 8 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने थाना सेक्टर-113 में अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-75 स्थित गार्डेनिया गेटवे सोसायटी निवासी अश्वनी कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते दिनों उसके व्हाट्सएप पर एक व्यक्ति ने मैसेज कर घर बैठे गूगल रिव्यू देने के नाम पर बेहतर कमाई का आश्वासन दिया। इसके बाद उसे उक्त व्यक्ति ने उसे अपने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ लिया। गूगल रिव्यू तथा मर्चेंट टास्क देने के नाम पर साइबर ठग ने उससे धीरे-धीरे करके आठ लाख रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिए। निर्धारित अवधि बीतने के पश्चात उसने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने उस पर और पैसे जमा (शेष पृष्ठ-4 पर)

# गोदाम मैनेजर को आत्महत्या के लिए उकसाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पृथला गांव स्थित भारत गैस एजेंसी के गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले गोदाम इंचार्ज के परिजनों ने एजेंसी मालिक सहित पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज कराया है। परिजनों का आरोप है कि गैस एजेंसी मलिक तथा उसके कर्मचारियों की प्रताड़ना से दुखी होकर युवक ने आत्महत्या की थी।



नरसेना बुलंदशहर निवासी सुखबीर सिंह ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उनका बेटा नरेंद्र अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पृथला गांव में किराए पर रह रहा था। नरेंद्र भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर इंचार्ज था वह पिछले 7 वर्षों से गोदाम इंचार्ज की नौकरी कर रहा था। सुखबीर का आरोप है कि गैस एजेंसी गोदाम का मालिक योगेश यादव व उसके कर्मी आजाद विपुल सोनू चौकीदार तथा वीरेंद्र उसके बेटे को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इन लोगों की प्रताड़ना की वजह से नरेंद्र ने बीते दिनों गैस गोदाम में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# किशोरी व किशोर का अपहरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थान से एक किशोर व किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम बडोली में किराए पर रहने वाले विजय सिंह ने थाना नॉलेज पार्क में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा बीती 3 जनवरी को घर से बिना बताए चला गया। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा परिजनों ने उसके काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# जेपी अस्पताल की डाक्टर का पर्स चोरी, एटीएम कार्ड से निकाली नकदी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 128 स्थित जेपी अस्पताल की असिस्टेंट डॉक्टर का पर्स अस्पताल से चोरी हो गया। चोर ने पर्स में रखे एटीएम कार्ड से 30 हजार रूपए निकाल लिए। पीड़िता ने थाना सेक्टर-126 में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा के ओमिक्रोन-2 सेक्टर में रहने वाली नीति बत्रा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह जेपी अस्पताल में असिस्टेंट डॉक्टर के पद पर कार्यरत है। 4 जनवरी को वह अस्पताल गई थी इस दौरान उसने अपना हैंड बैग टेबल की दराज में रख दिया। इस दौरान वह पेशेंट के फॉर्म जमा करने के लिए ग्राउंड फ्लोर पर स्थित टीपीए डेस्क पर गई थी कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो उसे पर्स खुला हुआ मिला। पर्स में से उसका छोटा पर्स गायब था। पर्स में यस बैंक का एटीएम आधार कार्ड तथा अन्य कागजात रखे हुए थे उसने आसपास अपने पर्स की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर एटीएम कार्ड से 30 हजार रूपए निकलने का मैसेज आया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# 'यूपी जोड़ो यात्रा' का समापन, लखनऊ पहुंचे कांग्रेस नेता



**नोएडा ( चेतना मंच )।** पार्टी की नीतियों का जन-जन प्रचार-प्रसार करने एवं भाजपा सरकार के कारनामों का चिट्ठा खोलने के लिए चली कांग्रेस पार्टी की 'यूपी जोड़ो यात्रा' का आज लखनऊ में समापन हुआ। इस दौरान गौतमबुद्धनगर के प्रभारी योगी जाटव, प्रदेश सचिव तथा हापुड़ के (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 'घर-घर पहुंचाएं भाजपा की उपलब्धियां'

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों से किया आह्वान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अपनी टीम गठित कर लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कमर कस लें। इसके अलावा केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की लाभार्थी योजनाओं तथा जनउपयोगी योजनाओं का घर-घर प्रचार-प्रसार करें।

यह आहवान किया भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने।

सेक्टर-33 स्थित पार्टी कार्यालय में नोएडा महानगर के नवनियुक्त आठो मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए मनोज गुप्ता ने कहा कि शीघ्र ही सभी मंडल अध्यक्ष कमेटी का गठन करके सरकार तथा पार्टी की जननीतियों के प्रचार-प्रसार में जुट जाएं। (शेष पृष्ठ-4 पर)



RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com

RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com

Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!

We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.

FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available

FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

## जेल जाने का संकट

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बार-बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को ठुकरा रहे हैं, लिहाजा अंतिम परिणति जेल ही हो सकती है। केजरीवाल तीन बार और सोरेन 7 बार समन को खारिज कर चुके हैं। यह संविधान को अस्वीकार करना और उसका उल्लंघन करना ही है। केजरीवाल सरकार के दौरान 'शराब घोटाला' उछला और सोरेन 1000 करोड़ रुपए के अवैध खनन मामले में आरोपित हैं। सोरेन के खिलाफ चुनाव आयोग एक पत्र प्रदेश के राज्यपाल को भेज चुका है कि मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जाए और उनकी विधानसभा सदस्यता भी रद्द की जाए। यह बंद चिट्ठी एक लंबे अंतराल से राज्यपाल के विचाराधीन है। न जाने विचार की प्रक्रिया कितनी लंबी होती है? दोनों मुख्यमंत्री विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक हैं। उन्होंने संविधान की शपथ लेकर पद ग्रहण किया है और ईडी भी संवैधानिक जांच एजेंसी है। विपक्षी होने के मद्देनजर दोनों ही मुख्यमंत्री समन को 'राजनीतिक' करार दे रहे हैं और सरकारों को अस्थिर करने की साजिश भाजपा पर मढ़ रहे हैं। केजरीवाल तो कई बार कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे डरते हैं, लिहाजा चुनावों में निष्क्रिय करने के मद्देनजर ईडी जांच और जेल के जाल बिछाए जा रहे हैं। दोनों मुख्यमंत्री अपने-अपने घोटालों को लेकर खुद को मासूम मानते हैं, लिहाजा घोटालों के आरोपों का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते 11 माह से, शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के कारण, जेल में हैं। उनकी जमानत की दलील सर्वोच्च अदालत तक खारिज कर चुकी है। केजरीवाल की पार्टी के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी घोटालों के आरोपों और साक्ष्यों के मद्देनजर जेल में कैद हैं। यदि इतने महत्त्वपूर्ण साथी जेल में हैं, तो क्या उन्होंने 'शराब नीति' का निर्णय खुद ही लिया था? कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता किसने की थी? जेल वाले साथियों ने शराब माफिया के कुछ चेहरों को, जो जेल में बंद हैं, मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर उनसे मिलवाया था, तो उसके प्रयोजन क्या थे? जिस मनी ट्रेल की ओर सर्वोच्च अदालत ने भी संकेत किए हैं, क्या मुख्यमंत्री और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर केजरीवाल उसमें संलिप्त नहीं थे? झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पद का दुरुपयोग करते हुए खनन का पट्टा हासिल किया। बेशक बाद में उसे लौटा दिया हो, लेकिन ईडी ने मुख्यमंत्री के करीबियों के 12 ठिकानों पर छापे मारे हैं और संदिग्धों के मोबाइल तक जब्त किए हैं, 25 लाख और 8 लाख रुपए नकदी बरामद किए गए हैं, जिनका हिसाब संबद्ध व्यक्ति बता नहीं सके, तो यकीनन मामला गंभीर है। ईडी के समन नोटिसों को लगातार खारिज करके दोनों ही मुख्यमंत्री निर्दोष और मासूम साबित नहीं होंगे। उन पर सवाल और आरोप लटके रहेंगे। हमारे देश में सक्षम अदालतें भी हैं, जहां ईडी दस्तक देकर न्याय की गुहार कर सकता है। जांच एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 45 के तहत दोनों मुख्यमंत्रियों के लिए गैर जमानती वारंट जारी करने का भी अधिकार है, लिहाजा बार-बार समन की अवहेलना करने पर गिरफ्तारी का भी प्रावधान है। क्या दोनों ही मुख्यमंत्री जेल जाने का संकट महसूस कर रहे हैं, लिहाजा समन की मंशा पर सवाल कर, उन्हें खारिज कर, ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं? दोनों को जांच का सामना करना चाहिए।

## गाय पालन के माध्यम से भी दी जा सकती है अतुलनीय गति

सनातन संस्कृति के अनुसार भारत में गाय को माता का दर्जा प्रदान किया गया है। माता अपने बच्चों का लालन पालन करती है, इसी प्रकार की संज्ञा गाय माता को भी दी गई है क्योंकि प्राचीन काल में भारत के ग्रामीण इलाकों में कई परिवारों का लालन पालन गाय माता के सौजन्य से ही होता रहा है। आज के खंडकाल में न्यूजीलैंड, डेनमार्क एवं स्विजरलैंड जैसे कुछ देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को गाय के दूध से निर्मित विभिन्न डेयरी पदार्थों का भारी मात्रा में पूरे विश्व को निर्यात कर अपनी अर्थव्यवस्थाओं को विकसित श्रेणी की अर्थव्यवस्था में बदल दिया है।

विश्व के एक कोने में बसा एक देश है न्यूजीलैंड, जिसकी कुल आबादी केवल 52 लाख है। इस देश का प्रत्येक नागरिक भारत के नागरिक से 25 गुना अधिक अमीर है। यह अलग थलग बसा हुआ देश है फिर भी इनके पास कुछ ऐसा है जो इन्हें इतना अमीर एवं विकसित देश बनाता है और वह पदार्थ है गाय माता का दूध। दुग्ध से निर्मित उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में पहुंचाकर न्यूजीलैंड आज विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है। न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था को केवल मानव नहीं बल्कि गाय माता भी चलाती है। न्यूजीलैंड में मानव से ज्यादा गाय की संख्या है। न्यूजीलैंड में गाय की कुल आबादी 61 लाख से अधिक है।

भारत जनसंख्या की दृष्टि से आज विश्व में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है और न्यूजीलैंड आकार में भारत से 12 गुना छोटा है एवं जनसंख्या की दृष्टि से 260 गुना छोटा है। परंतु, भारत केवल 597,000 टन डेयरी उत्पाद का निर्यात करता है और न्यूजीलैंड 18,772,000 टन डेयरी उत्पाद का निर्यात करता है। डेयरी उत्पाद के निर्यात से ही न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था चलती है, इस देश के नागरिकों को अमीर बनाती है और देश को विकसित अवस्था में ले जाती है। न्यूजीलैंड में फोंटेरा नामक एक सबसे बड़ी कम्पनी है और यह कम्पनी कोआपरेटिव के क्षेत्र में किसानों द्वारा बनाई गई कम्पनी है। जिस प्रकार भारत में अमूल कम्पनी को विकसित किया गया है। न्यूजीलैंड की फोंटेरा नामक कम्पनी दुनियाभर के 30 प्रतिशत डेयरी उत्पाद का निर्यात करती है। इस कम्पनी के उत्पाद दुनिया के 140 देशों में बिकते हैं और यह कम्पनी 10,000 नागरिकों को सीधा रोजगार प्रदान करती हैं।

पूरे विश्व में आज भारत सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाला राष्ट्र बन तो गया है। परंतु, दुग्ध पदार्थों से निर्मित उत्पादों का निर्यात करने में भारत आज भी बहुत अधिक पीछे है। भारत में प्रतिवर्ष 20.90 करोड़ टन दूध का उत्पादन हो रहा है। अमेरिका में 10.27 करोड़ टन, चीन में 4.12 करोड़ टन, ब्राजील में 3.66 करोड़ टन, जर्मनी में 3.32 करोड़ टन, रूस में 3.23 करोड़ टन, फ्रांस में 2.58 करोड़ टन और न्यूजीलैंड में 2.19 करोड़ टन दूध का उत्पादन हो रहा है। पूरे विश्व में 100 करोड़ से अधिक पशुधन है और भारत में 30.8 करोड़, ब्राजील में 23.2 करोड़, चीन में 10.2 करोड़ एवं अमेरिका में 8.9 करोड़ पशुधन है। भारत में पशुधन से दूध निकालने की क्षमता बहुत



**भारत जनसंख्या की दृष्टि से आज विश्व में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है और न्यूजीलैंड आकार में भारत से 12 गुना छोटा है एवं जनसंख्या की दृष्टि से 260 गुना छोटा है। परंतु, भारत केवल 597,000 टन डेयरी उत्पाद का निर्यात करता है और न्यूजीलैंड 18,772,000 टन डेयरी उत्पाद का निर्यात करता है।**

कम है जबकि अन्य विकसित देशों में नई तकनीकी को अपनाए जाने के कारण इस क्षेत्र में उत्पादकता तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक है।

न्यूजीलैंड के कुल निर्यात में डेयरी उत्पादों के निर्यात का हिस्सा 23 प्रतिशत है। इसी प्रकार डेनमार्क की अर्थव्यवस्था भी डेयरी उत्पादों पर निर्भर है। डेनमार्क में कृषि के क्षेत्र से निर्यात किए जाने वाले उत्पादों में डेयरी उत्पादों का हिस्सा 20 प्रतिशत है। डेनमार्क से मक्खन, पनीर एवं अन्य डेयरी उत्पाद 150 देशों को भारी मात्रा में निर्यात किए जाते हैं। स्विजरलैंड में भी कुल कृषि उत्पाद में डेयरी उद्योग का हिस्सा 20 प्रतिशत है।

ऐसा सामान्यत: कहा जाता है कि जो देश कृषि प्रधान होते हैं वे अन्य देशों जो उद्योग एवं सेवा क्षेत्र पर अधिक निर्भर होते हैं की तुलना में कम विकसित रहते हैं। परंतु, न्यूजीलैंड, डेनमार्क एवं स्विट्जरलैंड जैसे देशों के नागरिकों ने कृषि क्षेत्र पर अपनी निर्भरता बनाए रखते हुए और अधिकतम डेयरी उत्पादों के दम पर अपने देश को विकसित देश बना लिया है। न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 7 प्रतिशत है, परंतु न्यूजीलैंड से निर्यात किए जाने वाले प्रथम 10 उत्पादों में से 6 उत्पाद कृषि क्षेत्र से आते हैं, इनमे डेयरी उत्पादों का निर्यात सबसे अधिक है। कुल निर्यात का 60 प्रतिशत हिस्सा डेयरी उत्पाद सहित कृषि क्षेत्र से होता है। न्यूजीलैंड, डेनमार्क एवं स्विट्जरलैंड की अर्थव्यवस्था को गति देने में वहां के नागरिकों के साथ साथ गाय माता का भी अत्यधिक योगदान है।

केवल गायों की संख्या अधिक होने से अर्थव्यवस्था को बल नहीं मिलता है। इन गायों को हृष्ट पुष्ट रखना भी आवश्यक है। यह तभी सम्भव है जब किसानों को गाय पालन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। 200 वर्ष पूर्व तक न्यूजीलैंड में एक भी गाय नहीं थी। परंतु, न्यूजीलैंड में चारा भरपूर मात्रा में उपलब्ध था। चूंकि न्यूजीलैंड भी एक ब्रिटिश कोलोनी बन गया था, अत: न्यूजीलैंड में चारे की भरपूर उपलब्धि को देखते हुए ब्रिटेन से गायें लाकर यहां बसाई गई। इसके बाद से तो न्यूजीलैंड ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कालांतर में वहां गाय सहित पशुधन की संख्या अपार गति से बढ़ती गई। वर्ष 1900 आते आते रेफ्रिजरेटर के अविष्कार के बाद से तो न्यूजीलैंड डेयरी उत्पादों का निर्माण करने लगा, हालांकि इसके पूर्व इस देश की निर्भरत कृषि उत्पादों पर ही अधिक थी, इन कृषि उत्पादों को यूरोपीयन देशों को बेचा जाता था। प्रथम विश्व युद्धकाल के दौरान ब्रिटेन के सैनिकों को डेयरी उत्पादों की अत्यधिक आवश्यकता थी और ब्रिटेन ने न्यूजीलैंड में डेयरी उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा दिया, इसके बाद से तो यहां के डेयरी उत्पाद लगभग पूरे विश्व में ही बेचे जाने लगे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भी न्यूजीलैंड ने भारी मात्रा में डेयरी उत्पादों का ब्रिटेन को निर्यात किया था। उस समय ब्रिटेन के सहयोग से न्यूजीलैंड से निर्यात होने वाले कुल उत्पादों में डेयरी उत्पाद एवं भेड़ों का हिस्सा 90 प्रतिशत तक पहुंच गया था। न्यूजीलैंड में निर्मित डेयरी उत्पादों के लिए ब्रिटेन एक भरोसेमंद सबसे बड़ा बाजार था जहां न्यूजीलैंड के उत्पादों को बाजार मूल्य भी अच्छा मिलता था क्योंकि ब्रिटेन को उस समय पर खाद्य पदार्थों की सख्त आवश्यकता थी।

वर्ष 1955 में ब्रिटेन में न्यूजीलैंड के डेयरी उत्पादों का बाजार मूल्य कम होने लगा। इसके बाद न्यूजीलैंड के किसानों ने अपने डेयरी उत्पादों को बेचने के लिए नए बाजार की तलाश प्रारम्भ की। लेकिन इसके बाद से तो न्यूजीलैंड की आर्थिक स्थिति भी हिचकोले खाने लगी थी। परंतु, वर्ष 1984 आते आते न्यूजीलैंड में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए गए। नागरिकों के लिए आय कर की दरें लगभग आधी, 66 प्रतिशत से 33 प्रतिशत कर दी गईं। कृषि क्षेत्र में विभिन्न उत्पादों को प्रदान की जाने वाली 4 प्रतिशत सब्सिडी को भी समाप्त कर दिया गया ताकि किसान अपने पैरों पर खड़े हो सकें एवं देश की आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सके।

न्यूजीलैंड के किसानों ने कृषि उत्पादों पर प्रदान की जाने वाली सब्सिडी को हटाए जाने की चुनौती को स्वीकार किया एवं न्यूजीलैंड के डेयरी उद्योग एवं ऊन के उद्योग को अपनी मेहनत के दम पर एवं सरकारी नीतियों के चलते फिर से खड़ा करने में सफलता अर्जित की। 1983 में लाए गए आर्थिक सुधार कार्यक्रमों के बाद मीट एवं डेयरी उत्पादों पर मात्रा के बजाय गुणवत्ता पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में न्यूजीलैंड के उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बनाया गया और एक बार पुन: पूरे विश्व में डेयरी उत्पादों के निर्यात के न्यूजीलैंड ने महारत हासिल कर ली। भारत के किसानों को भी इस संदर्भ में न्यूजीलैंड के किसानों द्वारा प्राप्त की गई उक्त सफलता से सीख लेनी चाहिए।

आज भारत की देशी गाय के दूध की महिमा पूरा विश्व समझ रहा है। भारत में भी गौ संवर्धन और गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। किंतु, गौ माता के प्रति श्रद्धा का नितांत अभाव दिखाई दे रहा है। भारत में एक बार पुन: गौ माता को ऊंचा स्थान देते हुए नई तकनीकी का उपयोग किया जाकर गाय के दूध के उत्पादों को पूरे विश्व में पहुंचाना होगा ताकि भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिल सके एवं भारत के ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित हो सकें।

**-प्रह्लाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि मैंने जिस प्रकार वह भव (जन्म-मृत्यु) से छुड़ाने वाली कथा सुनी, हे सुमुखी! हे सुलोचनी! वह प्रसंग सुनो। पहले तुम्हारा अवतार दक्ष के घर हुआ था। तब तुम्हारा नाम सती था॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दच्छ जग्य तव भा अपमाना। तुम्ह अति क्रोध तजे तब प्राना॥**
**मम अनुचरन्ह कीन्ह मख भंगा। जानहु तुम्ह सो सकल प्रसंगा॥**
दक्ष के यज्ञ में तुम्हारा अपमान हुआ। तब तुमने अत्यंत क्रोध करके प्राण त्याग दिए थे और फिर मेरे सेवकों ने यज्ञ विध्वंस कर दिया था। वह सारा प्रसंग तुम जानती ही हो॥

**तब अति सोच भयउ मन मोरें। दुखी भयउँ बियोग प्रिय तोरें॥**
**सुंदर बन गिरि सरित तड़ागा। कौतुक देखत फिरउँ बेरागा॥**
तब मेरे मन में बड़ा सोच हुआ और हे प्रिये! मैं तुम्हारे वियोग से दु:खी हो गया। मैं विरक्त भाव से सुंदर वन, पर्वत, नदी और तालाबों का कौतुक (दृश्य) देखता फिरता था॥

**गिरि सुमेर उत्तर दिसि दूरी। नील सैल एक सुंदर भूरी॥**
**तासु कनकमय सिखर सुहाए। चारि चारु मोरे मन भाए॥**
सुमेरु पर्वत की उत्तर दिशा में और भी दूर, एक बहुत ही सुंदर नील पर्वत है। उसके सुंदर स्वर्णमय शिखर हैं, (उनमें से) चार सुंदर शिखर मेरे मन को बहुत ही अच्छे लगे॥

**तिन्ह पर एक एक बिटप बिसाला। बट पीपर पाकरी रसाला॥**
**सैलोपरि सर सुंदर सोहा। मनि सोपान देखि मन मोहा॥**
उन शिखरों में एक-एक पर बरगद, पीपल, पाकर और आम का एक-एक विशाल वृक्ष है। पर्वत के ऊपर एक सुंदर तालाब शोभित है, जिसकी मणियों की सीढ़ियाँ देखकर मन मोहित हो जाता है॥

**दो0-सीतल अमल मधुर जल जलज बिपुल बहुरंग।**
**कूजत कल रव हंस गन गुंजत मंजुल भृंग॥**
उसका जल शीतल, निर्मल और मीठा है, उसमें रंग-बिरंगे बहुत से कमल खिले हुए हैं, हंसगण मधुर स्वर से बोल रहे हैं और भौंरे सुंदर गुंजार कर रहे हैं॥

क्रमश:

## स्कूलों में फिटनेस कार्यक्रम कब?

स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से बार-बार उठाई जा रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। कई बार नए शिक्षा सत्र शुरू होकर खत्म हो गए, मगर फिटनेस कार्यक्रम कहीं भी शुरू नहीं हो पाया है। इस बार क्या सरकारी स्कूल अपने यहां या कोई निजी स्कूल पहल करेगा? शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, स्ट्रेंथ, इडोरेंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है।

किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं, किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिएं। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडना बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वह आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सके। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की



*तेज चलने, दौड़ने, शारीरिक क्रियाओं को करने से रक्त संचार तेज हो जाता है। मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाई के साथ फिटनेस कार्यक्रम भी देना होगा।*

तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था।

बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती जैसे बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है।

आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे-धीरे दौडना तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौडने व शारीरिक क्रियाओं को करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। उससे हर मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो हमें स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाई के साथ-साथ ही उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम भी देना होगा। तभी हम सही अर्थों में अपनी अगली पीढ़ी को संपूर्ण शिक्षित कर सकते हैं जो शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर अपने देश की सेवा कर सके।

**भूपिंद्र सिंह**
**अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक**

## राशिफल

पौष कृष्ण-दशमी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शारिरिक और मानसिक परेशानी आपको परेशान करेगी। प्रेम और संतान में दूरी बनी रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सरकारी तंत्र से कुछ परेशानी का अनुभव करेंगे। पिता के स्वास्थ्य में थोड़ी कठिनाइयों का सामना होगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य नरम- गरम। प्रेम- संतान की स्थिति ठीक- ठाक। व्यापारिक दृष्टिकोण से अच्छा समय कहा जा सकता है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
परेशानियों वाला समय। दुर्घटना का समय। बहुत बचकर पार करिए। स्वास्थ्य अच्छा नहीं दिख रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
अपने स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम- संतान भी मध्यम है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
शत्रु परास्त करने वाला होगा लेकिन परेशान रहेंगे। स्वास्थ्य में भी नरम- गरम रहेगा। प्रेम- संतान की स्थिति मध्यम है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
मानसिक कलेश का समय। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू- तू, मैं- मैं संभव है। स्वास्थ्य करीब- करीब ठीक रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी पर खलल पड़ेगा। स्वास्थ्य मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
कंधे में परेशानी या नाक, कान, गले में परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम- संतान की स्थिति ठीक है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जुबान विवादस्पद हो सकती है। जुआ, सट्टा लॉटरी में नुकसान संभव है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा लेकिन मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
कभी खुश रहेंगे तो कभी अवसादग्रस्त रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम- संतान की स्थिति अच्छी है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के आसार बन रहे हैं। आपको बच्चों से संबंधित शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं।

# भाजपाइयों ने मनाई पूर्व सीएम कल्याण सिंह की जयंती



**भदोही (चेतना मंच)।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती मनाई गई इसके पूर्व जिला अध्यक्ष ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको याद किया और कहा राम मंदिर के नायक जिन्होंने अपनी तपस्या से ऐतिहासिक कार्य किया और आज 22 जनवरी को प्रभु श्री राम का शीला पट खोलकर जनता जनमानस को समर्पित किया जाएगा

इसी क्रम में जिला प्रभारी नागेंद्र सिंह रघुवंशी बीहरोजपुर में उपस्थित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि नागेंद्र सिंह रघुवंशी ने कहा जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है व जनता के हृदय में उतरकर उनके दिलों में बस कर इतिहास कायम कर रही है जितनी भी योजनाएं जन कल्याणकारी की चलाई जा रही है वह सभी वर्ग को मिल रहा है

सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी किम कर रही है सौभाग्य योजना उज्ज्वला योजना किसान सम्मन निधि ऐसे तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जो सीधे जनता जनमानस को लाभ मिल रहा है आने वाले समय में कोई व्यक्ति छूटेगा नहीं और जो छूटा व्यक्ति है उसके दरवाजे पर सरकार और संगठन पहुंचकर उसकी चिंता कर रही है उसकारजिस्ट्रेशन किया जा रहा है उसको भी सारी सुविधा दी जाएगी

जिला अध्यक्ष मुख्य अ अतिथि का आभार व्यक्त किया और कहा आपके आने से यहां के जनता का मनोबल बढ़ा है हम आपको आश्वासन देता हूं किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होने पाएगी भारतीय जनता पार्टी विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुंच रही है और कार्य में सतर्कता बढ़ाते हुए पूर्ण रूप से चिन्हित करते हुए संकल्प यात्रा को संपन्न करवा रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुरूध त्रिपाठी नागेंद्र सिंह वीरू शुक्ला वीरेंद्र कुमार गोवर्धन राय मनीष पांडेय राजेंद्र पाल दीपक आकाश शिवम चंदा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीटू का प्रदर्शन आज



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मानीताऊ कंपनी के गेट पर गुंडों ने नौकरी से निकाले जाने के विरोध में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे मजदूरों और मजदूर नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था जिसके विरोध में आज पुलिस कमिश्नर दफ्तर पर धरना दिया जाएगा।

अखिल भारतीय किसान सभा अन्य किसान संगठन मजदूर संगठन इस हमले के विरोध में एकजुट होकर कमिश्नर के ऑफिस पर प्रदर्शन करेंगे। धरने को मानीताऊ वर्कर्स यूनियन के नेता फिरोज संतोष सीटू के जिला सचिव रामस्वारथ रामसागर महिला समिति की नेता लता सिंह आशा यादव चंदा बेगम एडवोकेट गुरप्रीत सुरेंद्र भाटी पप्पू ठेकेदार ने संबोधित किया।

# रवि प्रधान बने मंडल अध्यक्ष, बधाईयों का तांता

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता



एवं नए गांव निवासी रवि प्रधान को शहीद भगत सिंह मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दी है।

बताते चलें कि रवि प्रधान भारतीय जनता पार्टी में काफी समय से सक्रिय रूप से काम कर रहे थे। उनकी सक्रियता को देखते हुए कल मंडल अध्यक्षों की जारी हुई सूची में उन्हें शहीद भगत मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। रवि प्रधान के मंडल अध्यक्ष बनने पर उनके शुभचिंतको एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

वहीं रवि प्रधान ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि 2024 में हो रहे लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से विजयश्री दिलाना हमारा पहला काम होगा।

# महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल का चार दिवसीय कैंप आयोजित

**नोएडा (चेतना मंच)।** व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा



नोएडा इंडोर स्टेडियम में भारतीय महिला व्हील चेयर बास्केटबॉल टीम के चार दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मदरलैंड अस्पताल के सीईओ डॉ बबित और युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह और सलाहकार लोकेश चौहान के द्वारा किया गया। कैंप में टीम के कोच कैप्टन लुईस जॉर्ज और टीम मैनेजर कलवा राधा राव के द्वारा टीम को एकजुटता से खेलने के टिप्स दिए गए।

इस अवसर पर व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वरुण अहलावत ने बताया की इस चार दिवसीय कैंप में अभ्यास कर रहीं हमारी भारतीय महिला टीम निश्चित ही हल में थाईलैंड में होने वाली एशिया ओसियाना जोन चैंपियनशिप में भारत का तिरंगा लहराएंगी।

इस अवसर पर टीम के सलाहकार अमित सिंह ने कहा की जल्द ही हमारी महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम हमे गौरवान्वित करेगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहराएंगी। इस अवसर पर डॉ भर्ती, युनुस खान, पवन जुनेजा, स्पोर्ट्स वर्क 360 ऋषभ, फहीम, पवन, आदि मौजूद थे।

# मारहरा पहुंची संकल्प यात्रा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रबूपुरामंडल के गांव मारहरा में पहुंची यहां मुख्य अतिथि के रूप में जेवर के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह रहे।

इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा यह सरकार गरीब शोषित वंचित पिछड़ों की सरकार है गरीब आदमी की सरकार है क़तार में खड़ा व्यक्ति अंतिम व्यक्ति उसकी उन्नति कैसे हो यह मोदी सरकार ने सोचा है ग्राम प्रधान ललित को हर घर योजना अभियान के तहत अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया गांव में वृद्धावस्था पेंशन 45 विधवा बाई दिव्यांग 6 किसान सम्मन निधि 245 उज्ज्वला योजना लाभार्थी 48 शौचालय लाभार्थी 12 राशन कार्ड अंत्योदय 30 पत्र 236 आयुष्मान कार्ड 55 पशुपालन टीकाकरण 110 बाल विकास महिला कल्याण गर्भवती साथ धात्री तीन समूह संख्या 16 हेड पंप 7 इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल अशोक शर्मा सुशील शर्मा सुनील ठाकुर दुष्यंत चौधरी सर्वेंद्र कपासिया नीरज शर्मा प्रेमवीर प्रधान चौधरी विकास राणा इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉक्टर संजय सिंह विनोद गोयल आलोक रंजन शुभम् मलिक राजीव कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



सत्यनारायण महावर को सरस्वती शिशु मण्डल नोएडा का मण्डल अध्यक्ष बनने पर उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता से आर्शीवाद लेते मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता।

# एमएलसी चुनाव का कार्यक्रम तय

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/डिप्टी कलेक्टर गौतम बुद्ध नगर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचित उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य डा0 दिनेश शर्मा, जिनका कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक था, के द्वारा 13 सितम्बर, 2023 को त्यागपत्र दे दिये जाने के कारण होने वाली रिक्ति को भरने के लिए उप निर्वाचन कराये जाने के लिए कार्यक्रम नियत किया गया है।

उन्होंने नियत कार्यक्रम के संबंध में बताया कि नाम निर्देशन की अधिसूचना का 11 जनवरी 2024 (बृहस्पतिवार), नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 18 जनवरी 2024 (बृहस्पतिवार), नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु 19 जनवरी 2024 (शुक्रवार), नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 22 जनवरी 2024 (सोमवार), मतदान का 29 जनवरी 2024 (सोमवार), मतदान का समय पूर्वाह्न 9.00 बजे से अपराह्न 400 बजे तक, मतगणना का 29 जनवरी 2024 (सोमवार) सायं 05ः00 बजे से एवं वह तारीख जिससे पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जायेगा 1 फरवरी 2024 (बृहस्पतिवार) है।

# ‘खाद्य विभाग की लापरवाही से बढ़ी मिलावटखोरी’

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** खाद्य विभाग की लापरवाही के कारण जिले में मिलावटखोरी को बढ़ावा मिल रहा है। हालात यह है कि त्यौहारों के दौरान मिठाईयों की दुकानों पर खूब मिलावट करके मिठाईयां बेची जाती हैं जिससे नागरिकों की हालत खराब होती है।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने खाद्य विभाग के उदासीन रवैया के खिलाफ सूरजपुर स्थित जिला मुख्यालय पर संगठन के युवा जिला अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में जिलाधिकारी मनीष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर खाद्य विभाग के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि जिले में संचलित मिष्ठान की दुकानों में प्रत्येक त्यौहार पर लोगों की मिठाई की खरीदारी बढ़ जाती है। जिसके कारण दुकान संचालक मिठाई बनाने के लिए मिलावटी सामग्री का इस्तेमाल करने लगते है। पिछले करीब 1 साल में दनकौर, रबूपुरा, बिलासपुर, दनकौर व जेवर आदि क्षेत्र की दुकानों की मिठाई खाने के बाद लोग फूड



पॉइजनिंग का शिकार होकर गंभीर रूप से बीमार हुए है।

प्रवीण भारतीय ने बताया कि हाल ही में दनकौर में एक डिग्री कॉलेज के 20 शिक्षक रमेश मिष्ठान भंडार की दुकान से समोसे खाने के बाद बीमार हुए है, अभी भी शिक्षकों का इलाज चल रहा है। समोसे में जहीरले कीड़े निकलने की बात सामने आई है। खाद्य विभाग ने इस मामले में ठोस कार्यवाही नहीं की है।

दिनेश नागर ने बताया कि जिलाधिकारी मनीष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर खाद्य विभाग की उदासीनता की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने तुरंत खाद्य विभाग से उक्त मामले में कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर, गौरव भाटी, राम नागर, अंकित भाटी, अंकित डाढा, कुलबीर भाटी तथा राजू पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

# जरूरतमंद और गरीबों के बीच कंबलों का किया वितरण



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के अलग-अलग इलाकों में शनिवार को युवा समाजसेवियों की ओर से असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान समाजसेवी राहुल शर्मा और राहुल चौहान, अनूप राय ने बताया कि ठिठुरन भरी ठंड को देखते हुए खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर लोगों को शुक्रवार रात निठारी, गिझौड, सेक्टर 104 में कंबल वितरण किये। शनिवार को सेक्टर 42 स्थित शनि मंदिर पर गरीबों को कंबलों का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है।

कंबल वितरण करने पहुंचे पत्रकार नितिन शर्मा एडवोकेट ओमकार शर्मा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी को समझते हुए और लोगों की मदद के लिए हम सभी ने मिलकर एक हाथ बढ़ाया है। हम खुद को भाग्यवान समझते हैं कि हमें किसी की मदद करने का मौका मिला है। इस अवसर पर हम लोगों ने करीब 60 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किये हैं। इसके आगे भी जरूरतमंदों को किसी न किसी मद में मदद करने का प्रयास जारी रहेगा।




**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



# एडीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं



**जेवर (चेतना मंच)।** एडीएम यीडा ग्रेटर नोएडा शैलेन्द्र सिंह रबूपुरा क्षेत्र में पहुंचे जहां भूमि अधिग्रहण से संबंधित किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया गया।

एडीएम शैलेन्द्र सिंह ने रबूपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर भूमि अधिग्रहण से जूझ रहे दर्जनों किसानो की समस्याओं को सुना और विवाद संबंधी समस्या का मौके पर ही निस्तारण कर दिया इस दौरान एसीपी जेवर प्रवीण सिंह भी मौजूद रहे।

उधर एडीएम शैलेन्द्र सिंह ने फोन पर वार्ता करने के दौरान बताया की जेवर क्षेत्र में अवैध रूप से कालोनाइजरों द्वारा प्लाटिंग की जा रही है जिनको जल्द चिह्नित कर बुल्डोजर से तहस नहस किया जायेगा।

# मंडल अध्यक्ष बनने पर समर्थकों ने दी बधाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला गौतमबुद्धनगर में मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई जिसमें दनकौर मंडल में पूर्व मंडल अध्यक्ष रहे हरिदत्त शर्मा को दोबारा मंडल अध्यक्ष बनाया भारतीय जनता पार्टी मंडल दनकौर के कार्यकर्ताओं के द्वारा मंडल अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा के आवास पर जाकर साल उड़ा कर मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया।

इस मौके मंडल अध्यक्ष हरिदास शर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसे पूरी निष्ठा के साथ सभी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किए जाएंगे और 2024 में मान्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का जो 400 सीटों का लक्ष्य है उसे पूरा किया जाएगा।

इस मौके पर पर मंडल मीडिया प्रभारी हरीश शर्मा राजेंद्र योगी अतुल मित्तल संजय शर्मा नवीन पंडित मयंक महेश नागर आलोक गोयल मौजूद रहे।



# शारदा विश्व विद्यालय में गिरि शटरिंग, मजदूर घायल



**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा से इस समय बड़ी खबर आ रही है। यहां शारदा विश्व विद्यालय में निर्माण कार्य के लिए लगाई गई शटरिंग गिरने से करीब आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए है। घायलों में 2 मजदूरों की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर राहत बचाव कार्य चल रहा है, और पुलिस के अधिकारी भी घटना स्थाल पर पहुंच गए है।

# जिला पंचायत की बैठक 9 को




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला पंचायत की बैठक आगामी 9 जनवरी को जिला पंचायत कार्यालय सूरजपुर में आयोजित की गई है। यह जानकारी जिला पंचायत विभाग के अपर मुख्य अधिकारी एके सिंह ने दी है।

उन्होंने बताया कि जिला पंचायत की बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष चौधरी अमित चौधरी करेंगे।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वह 9 जनवरी को जिला पंचायत के सभागार में होने वाली बैठक में सहभागिता अवश्य करें। उन्होंने बताया कि बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।



**बिल्डर की मनमानी के विरोध में सेक्टर-151 स्थित जेपी अमन सोसायटी एओए के अध्यक्ष योगेश सिंह ने अपने अन्य पदाधिकारियों के साथ टेंट लगाकर एओए का दफ्तर आज खोल लिया।**

# भाजपा मंडल अध्यक्ष बने, संजय रावत को एमएलसी ने दी बधाई

**जेवर (चेतना मंच)।** नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र



मावी ने जिले के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा की है। गांव दयानतपुर निवासी व भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय रावत को मंडल अध्यक्ष जेवर बनाये जाने पर एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने उनको समर्थकों की मौजूदगी में मिठाई खिलाकर बधाई दी।

इस मौके पर रविन्द्र शर्मा बौबी, सतपाल सिंह तालान, डाक्टर जगमोहन शर्मा, पूर्व चेयरमैन धर्मेन्द्र अग्रवाल, राजीव गर्ग,भीम सिंह छौंकर, मनोज जैन,लायक राम पहाड़िया, हिमांशु मंगला, नीरज गोयल, राजकुमार शर्मा,मोनु गर्ग, देवेन्द्र भारद्वाज आदि भाजपा कार्यकर्ता ने गले में फुल माला डालकर जोरदार स्वागत किया।

# दबंगों ने रोडरेज में डिलीवरी ब्वॉय को धुना

**नोएडा (चेतना मंच)।** गढ़ी चौखंडी गांव में कार सवार युवकों ने साइड न मिलने पर गैस एजेंसी के डिलीवरी बॉय के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

ग्राम गढ़ी चौखंडी निवासी ब्रह्मपाल शर्मा सेक्टर-55 स्थित मिश्रा गैस एजेंसी की गाड़ी से गैस सिलेंडर लेकर गढ़ी चौखंडी गांव में गोदाम पर जा रहे थे। उनका टेंपो श्री कृष्णा इंटर कॉलेज के पास पहुंचा तो सामने से आ रही स्विफ्ट कार के चालकों ने निकलने का प्रयास किया। रास्ता सकरा होने के कारण ब्रह्मपाल शर्मा ने कार सवारों को कार पीछे करने के लिए कहा जिस पर युवक भड़क गए और गाली गलौज शुरू कर दी। गाली गलौज का विरोध करने पर कार सवार विपिन यादव, आकाश यादव तथा उसके दो अन्य अज्ञात साथियों ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट होता देखकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए और किसी तरह बीच बचाव किया। इसके बाद चारों आरोपी ब्रह्मपाल शर्मा को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस संबंध में धर्मपाल के बेटे मोहित ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।




# पीएम ने राजस्थान के विधायकों को दिया गुरू मंत्र

जयपुर (एजेंसी)। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार राजस्थान



पहुंचे हैं। पीएम जयपुर की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान पीएम ने राजस्थान के विधायकों और मंत्रियों से भी बैठक की और उन्हें गुरु मंत्र भी दिया।

पीएम ने विधायकों के साथ बैठक में गुटबाजी और भ्रष्टाचार से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने चर्चा के दौरान विधायकों, मंत्रियों और भाजपा पदाधिकारियों से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर सवाल किए। इस पर कुछ विधायकों ने भ्रष्टाचार को इसका कारण बताया।

इसके जवाब में मोदी ने विधायकों से कहा कि आपको गुटबाजी और भ्रष्टाचार से दूर रहना होगा। पार्टी आपकी सभी गतिविधियों पर नजर रख रही है। उन्होंने विधायकों से आगे कहा कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।

पीएम ने विधायकों से कहा कि सिर्फ पांच साल के कार्यकाल को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए। हमें इस बात को ध्यान में रखकर आगे काम करना है कि सरकार पांच साल बाद दोबारा बने। प्रधानमंत्री ने उन्हें उन बूथों का दौरा करने की भी सलाह दी, जहां वे चुनाव हार गए थे।

पीएम मोदी ने इसी के साथ कहा कि विधायक जहां से भी चुनाव जीते हैं वहां जाएं और फिर इस बात पर मंथन करें कि किस वजह से उन्हें जीत मिली। आपको सरकार के नशे में नहीं रहना है। जमीन पर काम करना है और ज्यादा काम करना है ताकि सरकार दोबारा बने।

इसके साथ ही मोदी ने विधायकों को अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से दूर रहने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा, %%सभी अधिकारी काम करते हैं, आपको बस यह पता होना चाहिए कि काम कैसे करना है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**'घर-घर पहुंचाएं भाजपा की....**

इस मौके पर भाजपा के महामंत्री उमेश त्यागी, महामंत्री गणेश जाटव, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष उमेश पहलवान के अलावा श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल पंकज झा, कृष्णा नगर मंडल निर्मल सिंह, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल लोकेश कश्यप, महाराणा प्रताप मंडल गोपाल गौड़, शहीद भगत सिंह मंडल रवि प्रधान, अटल बिहारी वाजपेयी मंडल कल्लू सिंह, सरस्वती शिशु मंडल सत्य नारायण महावर, सैनिक विहार मंडल प्रदीप चौहान मौजूद थे।

**'यूपी जोड़ो यात्रा' का....**

प्रभारी पुरुषोत्तम नागर, पीसीसी सदस्य्य पवन शर्मा समेत एक दर्जन से अधिक नेता समापन के अवसर पर लखनऊ पहुंचे।

इस मौके पर जिले के प्रभारी योगी जाटव ने कहा कि यूपी जोड़ो यात्रा का लोकसभा के चुनाव में पार्टी को काफी लाभ मिलना तय है। इस यात्रा के जरिए लोगों को कांग्रेस की नीतियों व रीतियों की जानकारी दी गई तथा भाजपा सरकार के कारनामों व दुर्नीतियों की भी आम जनता को जानकारी दी गई।

प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में चली यूपी जोडो यात्रा से कार्यकर्ताओं का उत्साह और भी बढ़ा है।

इस यात्रा के जरिए अधिक से अधिक लोग खासकर युवाओं का विश्वास कांग्रेस में और भी अधिक बढ़ा है। युवाओं को पता चल चुका है कि कांग्रेसी ही असली जनहितैषी पार्टी है। भाजपा तो सिर्फ जुमलेबाज पार्टी बनकर रह गई है। खबर लिखे जाने तक पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**गूगल रिव्यू के नाम पर ....**

करने का दबाव बनाया। पैसे जमा करने से इनकार करने पर उसे टेलीग्राम ग्रुप से भी निकाल दिया गया। ठगे जाने का एहसास होने पर उसने साइबर सेल में भी शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**किशोरी व किशोर का ....**

वहीं थाना सेक्टर 63 में बहलोलपुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी (17 वर्षीय) बेटी के संदेह परिस्थितियों में लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस किशोर व किशोरी की तलाश कर रही है।

## पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर हमला...टीएमसी नेता के समर्थकों ने किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हमला हुआ है। वह टीएमसी नेता शाहजहां शेख के ठिकानों पर छापा मारने गई थी। तभी भीड़ ने हमला कर दिया। शाहजहां लंबे समय से एक राशन डीलर हैं। वह पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी माने जाते हैं। राशन घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां के आवास पर छापा मारने की कोशिश के दौरान पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में स्थानीय लोगों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों और उनके साथ आए सीआरपीएफ के जवानों को खदेड़ दिया। भीड़ के गुस्से को देखकर ईडी की टीम को मौके से पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं, ईडी की टीम पर हुए हमले में एक युवक को चोट भी पहुंची है। बताया है ईडी के अधिकारी जब शाहजहां शेख के ठिकाने पर घुसने की कोशिश कर रहे थे। घर का दरवाजा बंद था और उन्होंने ताले को तोड़कर घर के अंदर घुसने की कोशिश की। हमला करने वाले लोग शाहजहां शेख के समर्थक बताए जा रहे हैं। ईडी अधिकारियों का मानना है कि नेता के घर की तलाशी लेने पर राशन में हुए भ्रष्टाचार मामले से जुड़े दस्तावेज मिल सकते हैं। हालांकि ईडी को शुक्रवार को खाली हाथ लौटना पड़ा है। ईडी राज्य में कई मामलों की जांच कर रही है और उसने कई जगहों पर तलाशी भी ली है।

## शोपियां में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

### –चोटीगाम में आतंकियों के छुपे होने की मिली थी सूचना

नई दिल्ली। बढ़ती ठंड और बारिश के बीच आतंकी लगातार भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे है। भारतीय सुरक्षा बलों की बहादुरी और सूझबूझ के कारण उनके मंसूबे कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। आज शुक्रवार को सुरक्षाबलों को सूचना मिली की शोपिया में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं। इस पर जवानों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनकी घेराबंदी कर दी। इस पर आतंकियों ने फायरिंग की जिसके जवाब में सेना ने भी गोलीबारी की। दोनों तरफ से फायरिंग जारी है और खबर लिखे जाने तक फायरिंग चल रही थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के चोटीगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सुबह वहां इलाके की घेराबंदी की और तलाश अभियान शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि तलाश अभियान उस समय मुठभेड़ में तब्दील हो गया, जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की और सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि अब तक किसी भी पक्ष की ओर से जनहानि की कोई सूचना नहीं है। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर साझा ऑपरेशन चला रही है। आशंका है कि यहां कई आतंकी छिपे हो सकते हैं।

## 10 दिन में साईं संस्थान को 16 करोड़ का दान

शिर्डी। महाराष्ट्र का शिर्डी जो साईं भक्तों का श्रद्धा का स्थान है. यहां लाखों साईं भक्त आते हैं. खासकर नए साल का स्वागत करने और अपने साईं का आशीर्वाद लेने करीब 8 लाख भक्त आए और भक्तों ने साईं संस्थान को खूब दान दिया। खबर है कि 10 दिन में 16 करोड़ रूपये का दान भक्तों ने दिया है. साईं संस्थान के मुताबिक 23 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच 8 लाख श्रद्धालुओं ने साईं दर्शन किया और दान पेटी में 7 करोड़ 80 लाख रुपए मिले। जबकि डोनेशन काउंटर पर 3 करोड़ 53 लाख, ऑनलाइन डोनेशन से 4 करोड़ 21 लाख रुपये एवं 32 लाख रुपए का सोना और 7 लाख 67 हजार रुपए की चांदी का जेवर साईं भक्तों ने चढ़ाए। इस प्रकार विभिन्न माध्यमों से कुल 15 करोड़ 96 लाख रुपये का दान साईं संस्थान को मिला.

## बना रिकॉर्ड–9 माह में यूपी पहुंचे 32 करोड़ से अधिक पर्यटक

लखनऊ। दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर उत्तर प्रदेश साल दर साल नये रिकॉर्ड के साथ अपनी मजबूत स्थिति दर्ज करा रहा है। प्रकृति और परमात्मा की कृपा से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में पर्यटन को गति देने के सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का परिणाम है कि यूपी हर गुजरते हुए साल के साथ अपने रिकॉर्ड को ही तोड़ रहा है। 2022 में यूपी आने वाले पर्यटकों की संख्या जहां 31.85 करोड़ थी तो वहीं 2023 के शुरुआती 9 महीने में ही 32 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी को एक्सप्लोर किया है। इसमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक पर्यटकों ने काशी का रुख किया, जबकि प्रयागराज और अयोध्या आने वाले सैलानियों की संख्या भी करोड़ों में रही। 2023 कई मायने में यूपी के लिए नये कीर्तिमान स्थापित करने वाला साल रहा। जहां एक ओर केंद्र और प्रदेश की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं में यूपी प्रथम पायदान पर रहा तो वहीं पर्यटन का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। साल 2023 में जनवरी से लेकर सितंबर तक उत्तर प्रदेश आने वाले देसी सैलानियों की संख्या 31,91,95,206 रही वहीं 9,54,866 विदेशी पर्यटक भी यूपी पहुंचे। इनमें भी सर्वाधिक संख्या वाराणसी पहुंचने वाले पर्यटकों की रही। जनवरी से सितंबर तक वाराणसी कुल 8,42,04,814 पर्यटक वाराणसी पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 8,40,71,726 जबकि विदेश पर्यटकों की संख्या 1,33,088 रही। काशी के बाद सैलानियों की दूसरी पसंद प्रयागराज रही। यहां कुल 4,49,95,996 पर्यटक साल 2023 में जनवरी से सितंबर तक पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या जहां 4,49,93,289 रही वहीं 2,707 विदेशी पर्यटक भी प्रयागराज पहुंचे। इसी प्रकार तीसरे नंबर पर अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या रही। जनवरी 23 से सितंबर 23 तक कुल 2,03,64,347 पर्यटक अयोध्या पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 2,03,62,713 रही जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या 1,634 दर्ज की गई। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश आने वाले पर्यटकों की सर्वाधिक संख्या जनवरी और जुलाई माह में दर्ज की गई है, जो कि 5.56 से 5.80 करोड़ के बीच रही।

## ईडी छापे : इनेलो नेता दिलबाग के ठिकाने से 300 कारतूस समेंत 5 करोड़ रुपये बरामद

यमुनानगर । हरियाणा के इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर छापेमार कार्यवाही में 24 घंटे से ईडी टीम डटी हुई हैं। दिलबाग सिंह के ठिकानों से ईडी की टीमों को 5 करोड़ रुपये मिले हैं। साथ ही विदेशी हथियार और 300 कारतूस भी बरामद किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि ईडी की टीमों को 5 करोड़ रुपये दिलबाग सिंह के ठिकानों से मिले हैं। साथ ही विदेशी हथियार और 300 कारतूस भी बरामद किए गए हैं। गुरुवार सुबह से ही ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी इनका ठिकानों पर चल रही है। अवैध माइनिंग से जुड़ा यह मामला है। दिलबाग सिंह और करीबियों से भी पूछताछ की जा रही है। सूत्र बताते हैं की सर्च ऑपरेशन के दौरान जांच एजेंसी को पूर्व विधायक दिलबाग सिंह से जुड़े लोकेशन से गोल्ड -ज्वेलरी सहित देश-विदेश में प्रॉपर्टी, चल -अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज और अन्य सबूत मिले हैं ।दिलाबाग सिंह साल 2009 से 2014 तक यमुनानगर से विधायक रहे हैं। उन्हें जिले में बाहुबली नेता के तौर संज्ञा दी जाती है। इनका ट्रांसपोर्ट और माइनिंग को लेकर बड़ा बिजनेस है।

## राज्यसभा के प्रत्याशी बने संजय...कोर्ट ने फॉर्म में हस्ताक्षर करने की दी अनुमति

नई दिल्ली । दिल्ली शराब घोटाला केस में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को बड़ी राहत मिली है। संजय आप की ओर से एक बार फिर राज्यसभा सांसद प्रत्याशी बनाए गए हैं। क्योंकि राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए राऊज एवेन्यू कोर्ट ने फॉर्म में हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी है। 19 जनवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए अदालत ने उन्हें नामांकन पत्र भरने की अनुमति दी। वे इन दिनों न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने संजय द्वारा दायर आवेदन पर आदेश पारित किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्यसभा के सदस्य के रूप में उनका वर्तमान कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है और निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव कराने के लिए 2 जनवरी को नोटिस जारी किया है। आवेदन में सिंह ने कहा कि इसके लिए नामांकन पत्र 9 जनवरी तक जमा किए जाने हैं। आवेदन में तिहाड़ जेल अधीक्षक को संजय सिंह को दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति देने का निर्देश देने की अपील की गई थी। न्यायाधीश ने पारित आदेश में कहा, यह निर्देशित किया जाता है कि यदि आरोपी के वकील द्वारा 6 जनवरी, 2024 को जेल अधिकारियों के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं, तब जेल अधीक्षक यह सुनिश्चित करें, कि उक्त दस्तावेजों पर आरोपी के हस्ताक्षर लेने की अनुमति दी जाए और उन्हें मिलने की भी अनुमति दी जाए।

# दो हफ्तों में कांग्रेस को क्राउड फंडिंग से मिले सिर्फ 11 करोड़, आलाकमान हुआ नाराज, नेताओं को दिया गया बड़ा निर्देश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस ने पार्टी के लिए संसाधन जुटाने के लिए देशव्यापी क्राउड फंडिंग अभियान, 'डोनेट फॉर देश' की घोषणा की थी। पार्टी की ओर से दावा किया गया था कि यह पहल महात्मा गांधी के ऐतिहासिक 'तिलक स्वराज फंड' से प्रेरित थी, जिसे सौ साल पहले 1920-21 में लॉन्च किया गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को औपचारिक रूप से अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने खुद 1.38 लाख रुपये का अंशदान दिया। इसका बड़ा कारण यह भी था कि कांग्रेस का दान वित्तीय वर्ष 2021-22 में 95.4 करोड़ रुपये से घटकर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 79 रुपये करोड़ हो गया है।

अब खबर यह है कि कांग्रेस को उम्मीद के अनुरूप दान नहीं मिल पा रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने लोगों से चंदा जुटाने के पार्टी के अभियान की गति पर अप्रसन्नता जतायी और नेताओं से कहा कि वे अपने प्रयासों में तेजी लाएं। सूत्रों के अनसुार पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के अलावा प्रियंका गांधी वाद्रा सहित शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दो सप्ताह में 11 करोड़ रुपये का चंदा उत्साहजनक नहीं है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन को प्रयासों में तेजी लाने और अभियान को गति प्रदान करने के लिए राज्यों का दौरा करने तथा राज्य इकाइयों के साथ बातचीत करने को कहा गया ताकि पार्टी के लिए अधिक चंदा जुटाया जा सके।

सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि पार्टी नेतृत्व ने 14 जनवरी से शुरू हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए अलग से चंदा जुटाने का फैसला किया है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए चंद जुटाने की खातिर दिसंबर में डोनेट फॉर देश अभियान शुरू किया था। खरगे ने नेताओं से कहा कि वे आंतरिक मामलों पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं करें, वहीं राहुल गांधी ने उनसे अनावश्यक टिप्पणियां करने से परहेज करने को कहा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आम जनता से चंदा एकत्र करने के लिए शुरू किए गए पार्टी के 'डोनेट फॉर देश' अभियान के वास्ते चंदा दिया था और कहा कि यह ''सामंजस्यपूर्ण और प्रगतिशील'' भारत के लिए उनका योगदान है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''मैं आप सभी से दान करने और भारत की आत्मा को बचाने के आंदोलन का हिस्सा बनने का आग्रह करता हूं।'' देश की मुख्य विपक्षी पार्टी 28 दिसंबर को अपने 138वें स्थापना दिवस से पहले इस अभियान के माध्यम से लोगों से 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये या फिर इससे 10 गुना राशि चंदे के रूप में देने की अपील कर रही है।

## आप से राज्यसभा जाएगी दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। पार्टी ने फिर अपने राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर भरोसा जताया है। संजय सिंह ने आप से दुबारा नामकंन किया है। संजय सिंह के अलावा एनडी गुप्ता को भी दूसरे कार्यकाल के लिए राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। आप ने सुशील कुमार गुप्ता की जगह स्वाती मालीवाल को टिकट दिया है। पार्टी का दावा है कि सुशील ने खुद को हरियाणा की चुनावी राजनीति में पूरी तरह से शामिल करने का फैसला लिया है।

### ईडी ने नहीं किया हस्ताक्षर का विरोध

बता दें कि 19 जनवरी को राज्यसभा के चुनाव होने हैं। इस बीच कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह को जेल से राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र भरने की अनुमति दे दी है। इन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की संजय सिंह की प्रार्थना पर ईडी की तरफ से कोई विरोध नहीं किया गया है।

# नडडा का हमला... भारत जोड़ो नहीं तोड़ने के लिए निकल रहे हैं राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। सोलन में उन्होंने भव्य रोड शो कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष पर निशाना भी साधा। नड्डा ने कहा कि झूठ बोलकर राजनीति नहीं चलती है, लोगों को धोखे में रखकर राजनीति नहीं चलती है। लोगों से जुड़ना पड़ता है, उनकी तकदीर बदलनी पड़ती है। ये काम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, इसलिए हमें राजस्थान में जीत मिली, मध्य प्रदेश में जीत मिली और छत्तीसगढ़ में भी जीत मिली।

नड्डा ने कहा कि भूपेश बघेल ने गरीबों को दी गई केंद्र की योजनाओं को लटकाया इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने उन्हें और उनकी सरकार को लटका दिया। राजस्थान में लोगों को समझ आ गया था कि गहलोत की सरकार महिलाओं पर अत्याचार करने वाली सरकार है, युवाओं के साथ अन्याय करने वाली सरकार है। 19 बार पेपर लीक हुआ, कोई भर्ती नहीं हुई इसलिए प्रदेश की जनता ने उन्हें घर ?बैठा दिया। उन्होंने कहा कि आज जब देश को बांटने के लिए जाति जाति जाति... चल रही है, तब मोदी जी ने कहा हमारे लिए सिर्फ चार जातियां हैं... महिला, किसान, युवा और गरीब।

उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ ये अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन मिल रहा है। आयुष्मान योजना के तहत




50 करोड़ से अधिक लोगों को हर वर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। नड्डा ने कहा कि भारत को तोड़ने में तुमने कोई कसर छोड़ी नहीं, अब भारत को जोड़ने की यात्रा पर चले हो। भारत को कमजोर करने वाली धारा 370 को मोदी जी ने हटा दिया, लेकिन कांग्रेस ने धारा 370 हटाने का विरोध किया और अब ये भारत को जोड़ने चले हैं। उन्होंने कहा कि जेएनयू के परिसर में संसद पर हमला करने वाले मास्टरमाइंड के समर्थन में नारे लगाए जा रहे थे कि अफजल हम शार्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं। और दूसरे दिन राहुल गांधी नारे लगाने वालों के साथ खड़े हो जाते हैं... आज तक राहुल गांधी ने माफी नहीं मांगी। जब तक राहुल गांधी माफी नहीं मांगते हैं, ये भारत जोड़ नहीं रहे हैं भारत को तोड़ने में लगे हैं। नड्डा ने कहा कि 1984 में सिखों का कत्लेआम कर दिया गया, हमारे सिख भाईयों के साथ अन्याय हुआ और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा कि जब बड़ा पेड़ गिरता है, तब धरती हिलती है। ये भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं या तोड़ो यात्रा पर निकले हैं... ये न्याय करने निकले हैं या अन्याय करने निकले हैं।

## इंडिया में रार...अधीर ने दे दी टीएमसी नेता ममता को चुनौती, उनके खिलाफ आम चुनाव लड़े

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आगामी लोकसभा चुनाव में उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। चौधरी मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर से 5वीं बार सांसद हैं। चौधरी ने कहा कि ममता ने प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था। उनके सुझाव का हवाला देकर चौधरी ने कहा, आपने प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ने का सुझाव दिया। अब मैं आपको इस बार मेरे खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती दे रहा हूं।

उन्होंने कहा, मैं देखना चाहता हूं, कि आप कितनी शक्तिशाली हैं। यह मत भूलिए कि 2019 में हमने आपकी कृपा से सीटें नहीं जीती थीं।चौधरी ने कहा कि ममता ने बंगाल की दो लोकसभा सीटों बहरामपुर और मालदा दक्षिण से कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारने पर सहमति जाहिर की है, जहां 2019 में कांग्रेस के उम्मीदवार निर्वाचित हुए थे। उन्?होंने कहा, हमने उन दो निर्वाचन क्षेत्रों से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों को



हराकर जीत हासिल की। हमारी जीत तृणमूल कांग्रेस या मुख्यमंत्री की कृपा से नहीं हुई थी। याद रखें कि कांग्रेस अन्य निर्वाचन क्षेत्रों से भी अपने दम पर चुनाव लड़ने में सक्षम है।उन्होंने असम, मेघालय और गोवा में सीटों की तृणमूल की मांग का भी मजाक उड़ाकर कहा, याद रखें कि कांग्रेस के पास पश्चिम बंगाल में खोने के लिए कुछ नहीं है।

हमारी पार्टी की राज्य इकाई सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ सीट-बंटवारे का समझौता करने की इच्छुक है।पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा, हालांकि, गठबंधन या सीट बंटवारे पर समझौते का अंतिम फैसला पार्टी आलाकमान का होगा।

## भारत ने यूक्रेन को हथियार किए सप्लाई... पुतिन नाराज

### – विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट्स को सिरे से किया खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने उन रिपोर्टों को सिरे से खारिज किया हैं, जिसमें दावा किया गया था कि भारत ने यूरोप के माध्यम से यूक्रेन को हथियार सप्लाई किए थे। हाल ही में रूसी सरकार से जुड़े कुछ समाचार पत्रों में दावा किया गया था कि यूक्रेन रूस के खिलाफ जिस आर्टिलरी (गोला-बारूद) का इस्तेमाल कर रहा है, उन हथियारों को भारत ने निर्यात किया है। विदेश मंत्रालय ने उन रिपोर्ट्स का खंडन कर कहा है कि हम स्पष्ट रूप से कह सकते हैं कि हमने कोई भी हथियार या गोला-बारूद यूक्रेन को सप्लाई नहीं किया है। रूस ने भारत के सामने यह मुद्दा तब उठाया है, जब हाल ही में कई रिपोर्टों में दावा किया गया कि भारत, यूक्रेन को 155 मिमी आर्टिलरी शेल्स सप्लाई कर सकता है। दावा किया गया हैं कि भारत हथियार डीलरों के माध्यम से या किसी भागीदार देश की सहायता से यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने की संभावना को तलाश रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि चूंकि, यूक्रेन को गोला-बारूद की सप्लाई करने वाले देशों में भारत शामिल नहीं है। इसमें भारत ने स्लोवेनिया या पोलैंड के माध्यम से अपने हथियारों को यूक्रेन भेजा था। सूत्रों के मुताबिक, भारत से यह हथियार यूक्रेन ने नहीं बल्कि किसी तीसरे देश ने खरीदे थे।

# मुख्य चुनाव आयुक्त का कांग्रेस को जबाव... ईवीएम और वीवीपेट में कोई परेशानी नहीं

### –कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश की चिठ्ठी का दिया जबाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम चुनाव से पहले फिर एक बार ईवीएम का भूत बाहर आ गया हैं। कांग्रेस सहित विरोधी दल ईवीएम की जगह पर्ची से चुनाव करने के पक्ष में हैं। इस बात को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने विपक्षी दलों की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त को चिठ्ठी लिखकर ईवीएम और वीवीपैट पर स्पष्टीकरण के लिए इंडिया प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए समय मांगा था। चुनाव आयोग



ने जयराम रमेश द्वारा विपक्षी दलों की ओर से भेज गए मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र का जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने ईवीएम और वीवीपेट पर कांग्रेस को पत्र लिखा है और उनकी तमाम चिंताओं को किया खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग ने रमेश को अपने पत्र में जवाब दिया है कि ईवीएम और वीवीपैट के मुद्दे पर चुनाव आयोग पहले ही अपना रुख साफ कर चुका है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रमेश को अपने पत्र में जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने ईवीएम और वीवीपैट के मुद्दे पर पहले ही फैसला सुना चुका है। हालांकि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ईवीएम और वीपीपीईटी के मुद्दे पर अपना जवाब दाखिल कर चुकी है।

चुनाव आयोग ने रमेश को अपने पत्र में कहा की उनके द्वारा खुद सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम और वीवीपीएटी के मुद्दे पर जो याचिका दाखिल की गई थी वह अभी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित है। चुनाव आयोग ने कहा ईवीएम में कोई खामी या अनियमितता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट लेकर देश की विभिन्न अदालतों में इस संबंध में कई बार यह स्पष्ट किया गया है।

# झारखंड तीसरा राज्य जहां राहुल सबसे ज्यादा यात्रा करेंगे

**रांची (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले माह से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत करने जा रहे हैं। उनकी इस यात्रा से झारखंड के लोग भी उत्साहित दिख रहे है। हो सकता है कि इस उत्साह के चलते राहुल गांधी ने अपना ज्यादा समय झारखंड को देने का निर्णय किया हो। वजह जो भी रही हो,पर इतना जरुर है कि राहुल गांधी आठ दिनों तक झारखंड में रहेंगे और इस दौरान 804 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। झारखंड के पांच प्रमंडलों के 13 जिलों में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी। फरवरी की शुरुआत में न्याय यात्रा का कारवां झारखंड के संताल परगना पहुंचेगा। इस तरह देशभर के 13 राज्यों में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी और जिले कवर होंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने इसका शिड्यूल जारी कर दिया है।

राहुल गांधी की यह यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर के इंफाल से शुरू होगी। 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा। झारखंड में दो चरणों में यह यात्रा होगी। पहले चरण में 11 जिलों में यात्रा निकाली जाएगी, जबकि दूसरे चरण में पलामू-गढ़वा में यात्रा पहुंचेगी फिर बिहार निकल जाएगी। पश्चिम बंगाल से झारखंड के संताल परगना में न्याय यात्रा प्रवेश करेगी। झारखंड के दुमका, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला, जमशेदपुर, चाईबासा, पलामू और गढ़वा में न्याय यात्रा का कारवां जाएगा। न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों में 66 दिनों तक निकलेगी।यह यात्रा 6713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसमें सामाजिक न्याय और जनता के मूल सवालों महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की दयनीय स्थिति, जातिगत जनगणना जैसे मसलों पर जन-जागरण करेगी। देशभर के 13 राज्यों में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी और जिले कवर होंगे। सबसे ज्यादा उत्तरप्रदेश के 20 जिलों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरेगी। 11 दिनों में वहां 1074 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी।

इसी तरह असम में आठ दिनों में 17 जिलों में न्याय यात्रा 833 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। आपको बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कारवां झारखंड से नहीं गुजरा था। प्रदेश कांग्रेस ने आलाकमान के निर्देश पर उपयात्रा निकाली, जिसमें झारखंड देशभर में अव्वल रहा था। इसी का नतीजा है कि झारखंड के 13 जिलों में आठ दिन में 804 किलो मीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी। न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों में 66 दिनों तक निकलेगी। यह यात्रा 6713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसमें सामाजिक न्याय और जनता के मूल सवालों महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की दयनीय स्थिति, जातिगत जनगणना जैसे मसलों पर जन-जागरण करेगी। देशभर के 13 राज्यों में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी और जिले कवर होंगे। सबसे ज्यादा



उत्तरप्रदेश के 20 जिलों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरेगी। 11 दिनों में वहां 1074 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। वहीं, असम में आठ दिनों में 17 जिलों में न्याय यात्रा 833 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। आपको बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कारवां झारखंड से नहीं गुजरा था। प्रदेश कांग्रेस ने आलाकमान के निर्देश पर उपयात्रा निकाली, जिसमें झारखंड देशभर में अव्वल रहा था।

# आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड, इन 3 भारतीयों ने पाया नोमिनेशन

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नोमिनेट क्रिकेटरों की घोषणा कर दी है। भारतीय प्रशंसकों के लिए खुशी की बात यह है कि 3 भारतीयों ने अंतिम कट में जगह बना ली है। यह भारतीय हैं- विराट कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद शमी। इसके अलावा न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल भी प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। सभी क्रिकेटरों के लिए 2023 सीजन यादगार रहा। कोहली, गिल और मिशेल ने जहां बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया तो वहीं, मोहम्मद शमी ने अपनी गेंदबाजी कौशल का जादू दिखाया। ऐसे में यह रेस रोचक हो गई है।

विश्व कप में शमी के प्रभावशाली प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 7/57 का शानदार रिकॉर्ड था। शमी ने आईसीसी विश्व कप 2023 में सिर्फ 8 पारियों में 24 विकेट लिए और टूर्नामेंट को अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त किया। गिल की बात करें तो उन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को 44.25 की औसत से कुल 354 रनों के साथ समाप्त किया। बहरहाल, उनके लिए यह साल बहुत अच्छा रहा क्योंकि वह साल 2023 को सभी प्रारूपों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

विराट कोहली के लिए 2023 उल्लेखनीय रहा, जहां उन्होंने वनडे में शीर्ष स्थान हासिल किया और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। विश्व कप के दौरान कोहली अपनी 11 पारियों में 765 रन बनाने में सफल रहे। यह विश्व कप में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। सचिन तेंदुलकर ने इससे पहले 2003 विश्व कप में 673 रन बनाए थे। वहीं, डेरिल मिशेल के लिए वनडे में 2023 का साल शानदार रहा, उन्होंने 1204 रन बनाए, जो इस प्रारूप में एक कैलेंडर वर्ष में न्यूजीलैंड के किसी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है।





# ब्रिसबेन इंटरनेशल : सबालेंका लगातार 14वीं जीत के साथ सेमीफाइनल में, हमवतन अजारेंका से होगा सामना



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ब्रिसबेन - ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने यहां पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ ब्रिसबेन इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत बेलारूस की हमवतन विक्टोरिया अजारेंका से होगी। सबालेंका ने कसात्किना को 6-1, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत दर्ज की।

सबालेंका ने पिछले साल एडीलेड में खिताब जीतने के बाद मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया ओपन और ब्रिसबेन में दो बार की चैंपियन अजारेंका को हालांकि सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट तक जूझना पड़ा। अजारेंका ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन और तीसरी वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया।

सबालेंका और अजारेंका चार साल से अधिक समय पहले इसी कोर्ट पर फेड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोड़ी बनाकर खेले थे। इस बीच दूसरी वरीय एलेना रिबाकिना ने अनास्तासिया पोटापोवा के चोटिल होने के कारण मुकाबले के बीच से हटने पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विंबलडन 2022 चैंपियन रिबाकिना ने पहला सेट 6-1 से जीत लिया था जिसके बाद 11वीं वरीय पोटापोवा ने पेट में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। रिबाकिना सेमीफाइनल में लिंडा नोसकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 16 साल की माइरा आंद्रीवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।


# आईसीसी मैच रैफरी अधिक तटस्थ रवैया अपनायें : रोहित

**सिडनी (एजेंसी)।** केप टाउन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने केपटाऊन की पिच के उछाल को लेकर कहा कि अगर भारत में ऐसा होता तो अभी तक कई लोग सवाल उठा देते और आलोचनाओं का दौर शुरु हो जाता। वहीं अब कोई कुछ नहीं कह रहा है। रोहिन ने इसके साथ ही आईसीसी मैच रैफरी से कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर की पिचों की रेटिंग को लेकर अधिक तटस्थ रवैया भी अननाया जाये। पिच के जबरदस्त उछाल के कारण ही रोहित की बांह पर एक बाउंसर लगने से सूजन भी आ गई थी। उन्होंने कहा कि वह विदेशों में तीखी पिच के पक्ष में हैं पर केवल तभी जब पहले ही दिन के पहले घंटे में पिच से टर्न मिलने पर लोग दोहरा रवैया नहीं अपनाएं। रोहित ने कहा कि हम सभी ने देखा कि इस टेस्ट में क्या हुआ और पिच कैसा खेल रही थी। मुझे इस तरह की पिचों पर खेलने में कोई परेशानी नहीं है। जब तक कि हर कोई भारत आने पर पिचों को लेकर गैरजरुरी बयानबाजी न करे। साथ ही कहा कि जब वे भारत आते हैं तो वह भी चुनौतीपूर्ण होता है। उनका मानना है कि अब समय आ गया है कि लोग यह समझें कि जहां तक पिचों का सवाल है तो हर देश का अपना चरित्र होता है। रोहित ने कहा कि जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए यहां आते हैं तो आप टेस्ट क्रिकेट को सर्वोच्च पुरस्कार और शिखर के बारे में बात



करते हैं और फिर आपको इस पर बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपको इसका सामना करना चाहिए। भारत में पहले दिन पिच टर्न लेना शुरू करती है और वे उसे धूल का गुबार बोलना शुरू कर देते हैं। रोहित का मानना है कि आईसीसी पैनल में शामिल रैफरी को 'तटस्थ होना चाहिए। रोहित ने आक्रामक होते हुए कहा कि तटस्थ रहना महत्वपूर्ण है, विशेषकर मैच रैफरी का। कुछ मैच रैफरी को इस बात पर नजर रखने की जरूरत है कि वे पिचों का मूल्यांकन कैसे करते हैं। अहमदाबाद में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच के लिए आईसीसी मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट का 'औसत रेटिंग देना भी रोहित और उनकी टीम को पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा, ''मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि विश्व कप फाइनल की पिच को 'औसत से नीचे की रेटिंग दी गई थी। वह खराब पिच कैसे हो सकती है? आईसीसी और रैफरी को इस पर गौर करना शुरू करना होगा।

# आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड, महिला खिलाड़ियों की सूची में कोई भारतीय शामिल नहीं



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए सूची जारी की है। ऑस्ट्रेलिया की स्टार आलराउंडर एशले गार्डनर और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर आईसीसी के साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं लेकिन इस सूची में कोई भारतीय खिलाड़ी मौजूद नहीं है।

गार्डनर और केर के अलावा इस सूची में इंग्लैंड की अनुभवी आल राउंडर नैट साइवर ब्रंट और श्रीलंका की चामारी अटापट्टू भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की गुरुवार को जारी सूची में 50 ओवर के प्रारूप में चार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

इससे पहले आईसीसी ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नोमिनेट क्रिकेटरों की घोषणा की। इसमें 3 भारतीयों ने अंतिम कट में जगह बनाई जिसमें विराट कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद शमी शामिल हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल भी प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। सभी क्रिकेटरों के लिए 2023 सीजन यादगार रहा।

# हेजलवुड की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिय ने तीसरे टेस्ट पर शिकंजा कसा

## -पाक ने दूसरी पारी में 68 रन पर ही सात 7 विकेट खोये





**सिडनी (एजेंसी)।** जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में पाकिस्तान टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। दूसरी पारी में पाक बल्लेबाजों ने एक प्रकार से मेजबान गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिये। पाक टीम ने अपनी दूसरी पारी में 68 रनों के अंदर ही सात विकेट खो दिये। हेजलवुड ने गेंदबाजी आक्रमण की शुरुआत करते हुए 4 पाक बल्लेबाजों का आउट कर दिया। इसके साथ ही इस मैच में भी मेजबान टीम ने शिकंजा कस दिया है। दूसरी पारी में पाक के चार बल्लेबाज शून्य पर ही आउट हो गये। इस मैच में पाक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 313 रन बनाए थे। इसके बाद कंगारुओं को 299 पर आउट कर पहली पारी में 14 रन की बढ़त ले ली थी। इससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ था पर दूसरी पारी में उसके बल्लेबाजों ने पानी फेर दिया। पाक ने दूसरी पारी में खाता खोले बिना ही अपना पहला विकेट खो दिया। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक शून्य पर ही आउट हो गये। इसके बाद एक के बाद एक खिलाड़ी पेवेलियन लौटने गये। तीसरे नंबर पर आए कप्तान शान मसूद भी खाता नहीं खोल सके। वहीं अपना पहला मैच खेल रहे सैम अयूब 33 ने बाबर आजम 23 के साथ मिलकर पारी संभालने का प्रयास किया पर ये दोनो भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। सउद शकील 2 रन जबकि साजिद खान और आगा सलमान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इस प्रकार तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने 68 रन पर ही अपने सात 7 विकेट खो दिये। इसमें से 4 जोश हेजलवुड के नाम रहे। अब टीम की उम्मीदें मोहम्मद रिजवान और आमिर जमाल पर लगी हैं।

# युकी भांबरी-रॉबिन हासे की जोड़ी ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची

खेल डैस्क । भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार रॉबिन हासे ने शुक्रवार को यहां नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत-नीदरलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 36 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 7-6 (5), 7-6 (6) से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में भांबरी-हासे की जोड़ी का सामना इंग्लैंड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। पिछले साल 31 साल के भांबरी ने मार्लोका चैम्पियनशिप युगल प्रतियोगिता में पहला एटीपी खिताब जीता था। दिल्ली के इस खिलाड़ी ने इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफीका के लॉयड हैरिस के साथ जोड़ी बनायी थी।



# बुमराह ने इमरान का रिकार्ड तोड़ा

केपटाउन । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफीका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में छह विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। बुमराह ने इसी के साथ ही पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान का एक रिकार्ड तोड़ दिया। बुमराह ने इसी के साथ ही दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में विकेट लेने के मामले में इमरान को पीछे छोड़ दिया। बुमराह के अब इन देशों के खिलाफ 113 विकेट हो गए हैं जबकि इमरान के 109 विकेट थे। इस सूची में सबसे ज्यादा पाकिस्तान के ही दिग्गज वसीम अकरम के 146 विकेट हैं। वहीं दूसरे नंबर पर भारत के अनिल कुंबले के नाम 141 जबकि भारत के ही अनुभवी तेज गेंदबाज ईशान शर्मा के नाम 130 विकेट हैं। इस प्रकार वह भारतीय गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। दूसरे टेस्ट मे भारत की जीत में बुमराह ने अहम भूमिका लगाई। दूसरी पारी में उनकी गेंदबाजी ने मैच को पूरी तरह से भारत की ओर मोड़ दिया। बुमराह के इस प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम सीरीज बराबर करने में सफल रही। इस दूसरे टेस्ट में जी के साथ ही भारतीय टीम को केपटाउन मैदान पर पहली जीत मिली। दो टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में मेजबान टीम के कप्तान डीन एल्गर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर उनकी टीम पहली पारी में 55 जबकि दूसरी पारी में 176 रन ही बना पाई। इसके बाद जीत के लिए मिले 79 रनों के लक्ष्य का भारतीय टीम ने तीन विकेट पर हासिल कर लिया। दूसरी पारी में बुमराह ने एक के बाद छह विकेट लेकर मेजबानों का सीरीज जीत का सपना तोड़ दिया।



# रोहित और विराट की अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में हो सकती है वापसी

**केपटाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दो दिनों के अंदर ही समाप्त होने का लाभ भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को मिल सकता है। इन दोनो को ही अब अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में अवसर मिल सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने अब तक भारतीय टीम की घोषणा नहीं की है। इसका कारण है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच 3 से 7 जनवरी तक खेला जाना था। ऐसे में





. अफगानिस्तान के साथ होने वाली इस सीरीज में सीनियर खिलाड़ियों का खेलना असंभव नजर आ रहा था पर केपटाउन टेस्ट के जल्दी समाप्त होने के बाद अब चयनकर्ता सीनियर खिलाड़ियों के नाम पर भी विचार कर सकते हैं। गौरतल है कि साल 2022 में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व कप के बाद से रोहित और विराट ने अब तक इस प्रारुप में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है पर अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में इन दोनों ही की वापसी हो सकती है। 11 जनवरी से 17 जनवरी के बीच यह टी20 सीरीज खेली जाएगी। इससे आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले इन दोनों ही खिलाड़ियों को अभ्यास का अवसर मिल जाएगा। रोहित ने पिछले दो साल से टी20 अंतरराष्ट्री नहीं खेला।

# फीडे जनवरी शतरंज रेटिंग : आनंद फिर बने भारत के नंबर एक खिलाड़ी



नई दिल्ली । विश्व शतरंज संघ द्वारा 1 जनवरी को जारी रेटिंग लिस्ट में भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद पुनः 2748 रेटिंग के साथ देश के नंबर एक खिलाड़ी है जबकि उनके बाद प्रज्ञानन्दा (2743), विदित गुजराती (2742), अर्जुन एरिगासी (2738), डी गुकेश (2725), पेंटाला हरीकृष्णा (2704), एसएल नारायनन (2694), निहाल सरीन (2693), अरविंद चितांबतम (2662), रौनक साधवानी (2654) और अभिमन्यु पौराणिक (2645) अंको के साथ विश्व के टॉप 100 खिलाड़ियों में शामिल है वहीं महिला खिलाड़ियों में कोनेरु हम्पी 2554 अंको शीर्ष भारतीय खिलाड़ी बनी हुई है उनके बाद हरिका द्रोणावल्ली (2500), वैशाली आर (2481), वेलपुला सरायु (2444) और दिव्या देशमुख (2420) रेटिंग के साथ विश्व की शीर्ष 50 खिलाड़ियों में शामिल है । भारत नें इसके साथ ही पुरुष , महिला और मिश्रित वर्ग में विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान बरकरार रखा है ।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे से सीखने को मिला : यशस्वी

## -रोहित ने सकारात्मक रुख रखने कहा

**केप टाउन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने माना है कि मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई सीरीज चुनौतीपूर्ण थी पर इस दौरे से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। साथ ही कहा कि कप्तान रोहित शर्मा ने सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में उनकी सहायता की। यशस्वी यहां सफल नहीं रहे और चार पारियों में केवल 50 रन ही बना पाये। दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 79 रन के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान 23 गेंद में 28 रन की तेज पारी खेलने वाले इस युवा बल्लेबाज ने कहा, 'रोहित मुझे सकारात्मक बने रहने और नई गेंद के खिलाफ तेजी से रन की बात कहते रहे है। उन्होंने कहा, 'मैं बस अच्छी शुरुआत देना चाहता था और मेरे दिमाग में यही सब था क्योंकि हमें मैच जीतना था। पिछली तीन पारियों में और इस पारी में भी मैंने यही किया।

इस खिलाड़ी के अनुसार उछाल और पिच से मिलने वाली मूवमेंट से निपटने के लिए उन्हें सुधार करने की जरूरत है। जयसवाल ने कहा, 'हां, यह दौरा मेरे लिए सीखने वाला अनुभव रहा है। अलग हालात और हर मायने में यह एक सुखद अनुभवी रहा है। उन सुधारों के बारे में सीखा जो मुझे करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'यहां गेंद अलग तरह से आती है और मैंने अपना सब कुछ देने की कोशिश की लेकिन मैं स्वीकार करता हूं कि चुनौतियां थीं। यह अनुभव मुझे अच्छी स्थिति में रखेगा क्योंकि मैं सीख रहा हूं और अगली श्रृंखला के दौरान सुधार करने का प्रयास



करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला में बल्लेबाजी की अपनी आक्रामक शैली बरकरार रखेंगे तो जायसवाल ने कहा, 'ऐसी कोई विशेष शैली नहीं है जिसका मैं पालन करना चाहता हूं और ऐसा नहीं है कि मेरा खेल केवल आक्रामक है। मैं टीम की जरूरत के अनुसार अपना खेल बदल सकता हूं।

# दीपा ने सीनियर नेशनल जिम्नास्टिक में जीते तीन पदक

भुवनेश्वर । त्रिपुरा की ओर से उतरी स्टार खिलाड़ी दीपा कर्माकर ने यहां शानदार वापसी करते हुए सीनियर नेशनल जिम्नास्टिक में तीन पदक जीते हैं। दीपा ने कलिंगा स्टेडियम में नवनिर्मित जिमनास्टिक सेंटर में महिलाओं की प्रतियोगिता में ऑल-अराउंड में स्वर्ण, वॉल्ट में रजत और अनइवेन बार्स में भी रजत जीता। दीपा सर्जरी और प्रतिबंध के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहीं थी। अब उनका लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में पदक जीतना है। दीपा के अलावा प्रणति दास, प्रणति नायक, राकेश पात्रा और गौरव कुमार ने भी इस प्रतियोगित में पदक जीते। रेलवे की प्रणति ने ऑल-अराउंड महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहने के अलावा दो स्वर्ण अनइवेन बार्स और फ़्लोर एक्सरसाइज में जीते। वहीं उनकी टीम के साथी प्रणति नायक ने वॉल्ट में स्वर्ण और बैलेंस बीम में कांस्य पदक जीते। वहीं ओडिशा के राकेश कुमार पात्रा ने दो स्वर्ण ऑल-अराउंड और रिंग्स में जीते। वहीं पैरेलल बार्स में उन्होने रजत और हॉरिजॉन्टल बार स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। इसके अलावा सर्विसेज के गौरव कुमार को भी चार पदक मिले। इसमें ऑल-अराउंड में कांस्य, फ़्लोर एक्सरसाइज में स्वर्ण और पैरेलल बार्स और हॉरिजॉन्टल बार्स में दो रजत पदक शामिल हैं। वहीं रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा को तीन पदक मिले। वह ऑल-अराउंड में दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा वॉल्ट में उन्होंने स्वर्ण और पॉमेल हॉर्स में रजत पदक हासिल किया।

# भारतीय महिला हॉकी कप्तान सविता पुनिया का बयान, कहा- 'ओलंपिक क्वालीफायर हमारे लिए करो या मरो का मुकाबला'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन रांची में 16 से 19 जनवरी तक किया जाएगा। जिसमें मेजबान भारत सहित आठ देश टॉप तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। वहीं भारतीय महिला हॉकी कप्तान सविता पुनिया का मानना है कि, ओलंपिक क्वालीफायर उनकी टीम के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला होगा।

दरअसल, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढ़ाया है और उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी।

हॉकी इंडिया की प्रेस रिलीज में सविता ने कहा, ''टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद।'' उन्होंने कहा, ''हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं। यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।''

टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है जबकि मेजबान भारत अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में है।

भारत की उप कप्तान निक्की प्रधान ने कहा, ''टीम की हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहती है। यह उनका सपना है और इस सप्ताह की शुरुआत में रांची पहुंचने के बाद हमने मैदान पर कुछ अच्छे ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया है।'' भारत अपने शुरुआती मैच में 13 जनवरी को अमेरिका से भिड़ेगा। उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा। सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को होगा।



# मैडिसन कीज कंधे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटी

वॉशिंगटन - अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी मैडिसन कीज ने कहा कि वह कंधे की चोट के कारण आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल पाएंगी। कीज ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी। कीज ने एक्स पर पोस्ट किया, 'सभी को नमस्कार...दुर्भाग्य से मैं कंधे की चोट से जूझ रही हूं और मेरे मेडिकल स्टाफ ने मुझे इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की सलाह दी है। यह स्पष्ट रूप से टेनिस सत्र शुरू करने के लिए अच्छी खबर नहीं है, लेकिन मैं यह भी जानती हूं कि मैं अपने शरीर के लिए सही विकल्प चुन रही हूं।' कीज आखिरी बार सत्र के अंत में कोर्ट पर थीं। उन्होंने झुहाई में डब्ल्यूटीए एलीट ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया था। वह राउंड-रॉबिन चरण में हार गईं।

# नए साल में पर्दे पर धमाल मचाएंगी ये नई जोड़ियां


नए साल की शुरुआत हो चुकी है, जिसे लेकर आम लोग ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड सितारे भी काफी उत्साहित हैं। एक ओर वे नए साल के जश्न में डूबे हुए हैं तो वहीं नए साल पर अपनी नई फिल्मों के लिए भी उत्सुक हैं। यह नया साल बॉलीवुड सितारों के साथ-साथ दर्शकों के लिए भी काफी खास होगा। इस साल कई बेहतरीन फिल्में रिलीज होने के लिए कतार में लगी हुई हैं तो वहीं फिल्मों में दर्शकों को नई जोड़ियों का मसाला देखने को मिलेगा।

## दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन



साल 2024 की शुरुआत सिद्धार्थ आनंद की फाइटर में दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की सिजलिंग केमिस्ट्री से होगी। यह फिल्म 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होने वाली है। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत की पहली एरियल एक्शन फ्रेंचाइजी मानी जा रही है। इस फिल्म के जरिए ऋतिक और दीपिका पहली बार साथ में दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे।

## कटरीना कैफ-विजय सेतुपति



इस लिस्ट में अगला नाम कटरीना कैफ और विजय सेतुपति का है। रिलीज की तारीख में कई बदलावों के बाद मेरी क्रिसमस आखिरकार 12 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म कटरीना और विजय की दिलचस्प जोड़ी को पहली बार एक साथ लाएगी। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

## शाहिद कपूर और कृति सेनन




शाहिद कपूर और कृति सेनन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। दिनेश विजान द्वारा निर्मित अनाम फिल्म में शाहिद और कृति पहली बार साथ नजर आएंगे। यह रोमांटिक ड्रामा अब पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। यह जोड़ी ऐसी है जिसे लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म का नाम अभी सामने नहीं आया है।

## विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना



जरा हटके जरा बचके के बाद लक्ष्मण उतेकर एक बार फिर विक्की कौशल को छावा में निर्देशित करेंगे, जिसमें रश्मिका मंदाना भी हैं। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 में रिलीज होगी। दर्शक अभी से विक्की और रश्मिका की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री देखने के लिए उत्साहित हैं।

## अक्षय कुमार और राधिका मदान



तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की आधिकारिक हिंदी रीमेक में अक्षय कुमार और राधिका मदान की जोड़ी दिखेगी। दोनों पहली बार इस फिल्म के लिए पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दर्शकों को इस जोड़ी का भी बेसब्री से इंतजार है।

## जान्हवी कपूर-जूनियर एनटीआर

जान्हवी कपूर भी इस साल पहली बार साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगी। दोनों की जोड़ी देवरा में जमेगी। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला भाग पांच अप्रैल 2024 को रिलीज होगा।





# धर्मा प्रोडक्शन की द बुल के लिए सलमान की खास तैयारी, फिल्म के लिए बदलेंगे अपना लुक

फिल्म द बुल में अपने लुक्स में बदलाव के लिए सलमान तैराकी के साथ अलग किस्म के योग का अभ्यास भी करेंगे। फिल्म में रोल के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए वे सर्किट ट्रेनिंग और पैरामिलिट्री ट्रेनिंग भी लेंगे। साल 2023 सलमान खान के लिए काफी खास रहा है। उनकी फिल्म टाइगर 3 सुपरहिट हो चुकी है। दर्शकों ने सलमान के इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को बहुत प्यार दिया है। सलमान खान इन दिनों एक बार फिर सुर्खियां में आ गए हैं। वजह है उनकी नयी फिल्म द बुल की शूटिंग शुरू होने वाली है। फिल्म द बुल से जुड़ी कई खबरें इन दिनों हेडलाइंस बन रही हैं, उन्हीं में से एक है सलमान खान का अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करने वाली खबर भी तेजी से वायरल हो रही है। सलमान बदलेंगे लुक्स सलमान खान अपनी हर फिल्म में अलग लुक्स के साथ नजर आते हैं, जिसके लिए सलमान खूब मेहनत भी करते हैं। पिछले दिनों मीडिया में खबर आई थी कि सलमान फिल्म द बुल के लिए अपना वजन कम करेंगे। इतना ही नहीं इस फिल्म में अपने लुक्स में बदलाव के लिए सलमान तैराकी के साथ अलग किस्म के योग का अभ्यास भी करेंगे। फिल्म में रोल के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए वे सर्किट ट्रेनिंग और पैरामिलिट्री ट्रेनिंग भी लेंगे।

### धर्मा प्रोडक्शन बना रही द बुल

सलमान खान की फिल्म द बुल को विष्णु वर्धन डायरेक्ट करेंगे। इससे पहले विष्णु वर्धन ने सुपर हिट फिल्म शेरशाह को निर्देशित किया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पहले द बुल को कोई और प्रोडक्शन हॉउस बनाने वाला था, जिसमें शाहिद कपूर की होने की बात कही गई थी। अब इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन कर रही है और इसमें सलमान खान अहम भूमिका निभाएंगे।

### असल जिंदगी से प्रेरित है फिल्म

सलमान खान फिल्मों में अपने एक्शन रोल के लिए जाने जाते हैं। द बुल में भी वे एक्शन करते दिखाई देने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो फिल्म में सलमान खान ब्रिगेडियर फारुख बुलसारा की भूमिका निभाएंगे। द बुल, ब्रिगेडियर फारुख बुलसारा की जिंदगी से प्रेरित फिल्म है। ये वही बुलसारा हैं जिन्होंने वर्ष 1998 में मालदीव में हुए आपरेशन कैक्टस को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। दर्शकों में अभी से ही सलमान को फिल्म द बुल में देखने के लिए अलग उत्साह बन रहा है।



# बतौर प्रोड्यूसर मनीष मल्होत्रा ने अनाउंस की तीसरी फिल्म

फेमस सेलेब्रिटी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने नए साल की शुरुआत एक बड़े अनाउंसमेंट के साथ की है। मंगलवार को मनीष ने अपने बैनर तले नई फिल्म अनाउंस की है। इस फिल्म का टाइटल 'ऊल जलूल इश्क' है। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा, फातिमा सना शेख और शारिब हाशमी लीड रोल में नजर आएंगे। इसकी कहानी विभु पूरी ने लिखी है और वो ही इसे डायरेक्ट भी करेंगे। मनीष इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे और यह 9 जनवरी से फ्लोर पर जाएगी। मनीष ने फोटोज शेयर कर की अनाउंसमेंट सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए मनीष ने लिखा, 'बेवकूफियां, नादान गलतियां, बड़ी भूल है इश्क; सच पूछिए तो मेरे हुजूर ऊल जलूल है इश्क। अपने प्रोडक्शन हाउस की तीसरी फिल्म अनाउंस करते हुए बहुत खुशी हो रही है। 9 जनवरी से नसीर साहब, विजय वर्मा, फातिमा और शारिब जैसी टैलेंटेड कास्ट इसकी शूटिंग शुरू करेगी। गुलजार साहब और विशाल भारद्वाज के साथ काम करना सम्मान की बात है।'

### बतौर प्रोड्यूसर मनीष की तीसरी फिल्म है 'ऊल जलूल इश्क'

मनीष ने पिछले साल सितंबर में अपने प्रोडक्शन हाउस, स्टेज 5 प्रोडक्शंस की अनाउंसमेंट की थी। अपने बैनर तले वो पहले ही दो फिल्मों 'ट्रेन फॉम छपरौला' और 'बन टिक्की' की अनाउंसमेंट कर चुके हैं। बतौर प्रोड्यूसर 'ऊल जलूल इश्क' मनीष की तीसरी फिल्म है।

### मीना कुमारी की बायोपिक पर भी कर रहे काम

फिल्म 'ट्रेन फॉम छपरौला' की अनाउंसमेंट मनीष ने सितंबर 2023 में की थी। इसमें दिव्येंदु शर्मा, राधिका आप्टे और अनुराग कश्यप एक्टिंग करते नजर आएंगे। वहीं एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा ने इसे लिखा और डायरेक्ट किया है। वहीं फिल्म 'बन टिक्की' में शबाना आज्मी और अभय देओल लीड रोल में होंगे। यह लीजेंड्री एक्ट्रेस जीनत अमान की कमबैक फिल्म होगी। मनीष को लेकर चर्चा है कि वो बॉलीवड की मशहूर दिवंगत एक्ट्रेस मीना कुमारी की बायोपिक भी बनाने वाले हैं। कृति सेनन स्टारर इस फिल्म से वो डायरेक्टोरियल डेब्यू करेंगे।

# हंसल मेहता ने मनोज बाजपेयी के साथ काम करने के तरीके पर की बात


बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर निर्माता हंसल मेहता अपने काम के साथ-साथ अपने बयानों को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। उन्होंने सिटीलाइट्स, शाहिद, अलीगढ़, दस कहानियां और दिल पे मत ले यार जैसी कई अन्य फिल्मों को निर्देशित किया है। साल 2000 में बनी फिल्म दिल पे मत ले यार में उन्होंने मनोज बाजपेयी के साथ काम किया था। हाल ही में, एक इंटरव्यू में निर्माता ने अभिनेता के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। इसके अलावा उन्होंने मनोज बाजपेयी को मूडी बताया।

### मनोज बाजपेयी को लेकर कही यह बात

निर्माता ने दिल पे मत ले यार में मनोज बाजपेयी के साथ काम करने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मुझे उन लोगों के साथ काम करने में आनंद आता है, जो मेरे साथ सही से काम करते है। उन लोगों में से राजकुमार राव एक हैं। उन्होंने मनोज बाजपेयी के बारे में बात करते हुए कहा, मनोज का मूड बहुत ज्यादा बदलता रहता है। मैंने वर्ष 2000 में फिल्म दिल पे मत ले यार बनाई थी। इस फिल्म में मुझे उनके साथ काम करने में काफी कठनाईयों का सामना करना पड़ा था। उनका व्यवहार थोड़ा अलग है। सेट पर लोग उनसे दूर भागते थे।

### मुडी हैं मनोज बाजपेयी


हंसल मेहता ने आगे कहा, मनोज बुरे इंसान नहीं हैं, लेकिन वे मूडी हैं। उन्होंने कहा, जब हम फिल्म में साथ



काम कर रहे थे, तो मैं बहुत चिढ़ जाता था। हालांकि, मैं उनसे पूछता था कि तुम ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हो? वे कुछ नहीं बोलते थे और अपनी भूमिका निभाकर चले जाते थे।

### मनोज बाजपेयी का वर्कफंट

मनोज बाजपेयी के वर्कफंट की बात करें, तो अभिनेता मनोज बाजपेयी कॉमेडी क्राइम ड्रामा किलर सूप में कोंकणा सेन शर्मा के साथ दिखाई देंगे। यह सीरीज अभिषेक चौबे के जरिए निर्देशित व सह-लिखित और हनी त्रेहान और चेतना कौशिक द्वारा निर्मित है। अभिनेता की वेब सीरीज 11 जनवरी 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसके अलावा अभिनेता द फैमिली मैन के बहुप्रतीक्षित तीसरे सीजन में भी दिखाई देंगे। साल 2015 में मनोज बाजपेयी और हंसल मेहता ने फिल्म अलीगढ़ के लिए सहयोग किया था। वहीं, हंसल मेहता, करीना कपूर खान अभिनीत द बकिंघम मर्डर्स रिलीज करने के लिए तैयार हैं।



# खुशी कपूर का नाम वेदांग रैना के साथ जोड़ना चाहती हैं जान्हवी कपूर

फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर के टॉक शो कॉफी विद करण 8 के नए एपिसोड में अभिनेत्री खुशी कपूर और जान्हवी कपूर शामिल हुईं। पहली बार दोनों बहनें एक साथ करण के शो में दिखीं। इस दौरान जान्हवी ने अपनी बहन खुशी को इंडस्ट्री में किसी के साथ उनका नाम जोड़ने करने की बात कही। जान्हवी ने कहा कि वे खुशी के लिए वेदांग रैना को चुनेंगी। रैपिड-फायर राउंड के दौरान करण ने जान्हवी से पूछा कि अगर आप खुशी को इंडस्ट्री से किसी के साथ सेट कर सकती हैं तो वह कौन होगा? इस पर जान्हवी ने जवाब दिया कि वेदांग प्यारे हैं। वे सुंदर हैं। वे प्यारे लगते हैं। उनके पास एक अच्छी वाइब है। इतने में खुशी मुस्कुराईं और उन्होंने जान्हवी की बातों पर सिर हिलाया। इससे पहले एपिसोड के दौरान करण ने खुशी से पूछा था कि क्या उन अफवाहों में कोई सच्चाई है कि वह वेदांग रैना को डेट कर रही हैं। उन्होंने कहा था कि यह झूठ है। यह सच नहीं है। उन्होंने वेदांग को अपना दोस्त बताया था। वहीं, एपिसोड के रिलीज होने से एक दिन पहले वेदांग को खुशी, जान्हवी, बोनी कपूर और शिखर पहाड़िया के साथ नए साल का जश्न मनाने के बाद मुंबई लौटते हुए देखा गया। हालांकि, वेदांग ने भी पहले डेटिंग की अफवाहों का खंडन किया था। अभिनेता वेदांग ने साक्षात्कार में अफवाहों के बारे में बात की थी और कहा था कि वे और खुशी सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने कहा था कि खुशी और मैं कई स्तरों पर जुड़े हुए हैं। संगीत में हमारी रुचि एक जैसी थी। खुशी और मैं डेटिंग नहीं कर रहे हैं। मेरा उसके साथ बहुत मजबूत रिश्ता है। हम एक-दूसरे को बहुत लंबे समय से जानते हैं और हम अच्छे दोस्त हैं। द



# फिल्मों की ओटीटी रिलीज पर अनुभव सिन्हा ने दी प्रतिक्रिया

अनुभव सिन्हा का कहना है कि बॉक्स ऑफिस पर हर किस्म की फिल्मों को प्रतिक्रिया नहीं मिलती है। हालांकि, उनका मानना है कि बॉक्स ऑफिस पर न चलने वाली कुछ फिल्में ओटीटी पर शानदार प्रदर्शन करती हैं। जाने-माने निर्देशक अनुभव सिन्हा हाल ही में फिल्मों की ओटीटी रिलीज पर बात करते नजर आए। बीते वर्ष अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म भीड़ रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया। अनुभव सिन्हा को उम्मीद थी कि ये फिल्म ओटीटी पर बढ़िया प्रदर्शन करेगी। निर्देशक का कहना है कि ऐसी तमाम फिल्में हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छी नहीं चलीं, लेकिन ओटीटी पर खूब चलीं।

### योजना में कर रहे बदलाव?

अनुभव सिन्हा का कहना है कि बॉक्स ऑफिस पर हर किस्म की फिल्मों को प्रतिक्रिया नहीं मिलती है। अनुभव सिन्हा से हाल ही में एक बातचीत के दौरान जब पूछा गया कि ऐसे समय में जब अब तमाशा सिनेमा थिएटर्स में दर्शकों को काफी आकर्षित कर रहा है, क्या रा.वन और दस जैसी कमर्शियल फिल्में बनावे वाले अनुभव सिन्हा आगामी फिल्मों की प्लानिंग में फिर ऐसे सिनेमा में वापसी करेंगे? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि, हां, लेकिन सिर्फ उन फिल्मों के लिए जिन्हें मैं निर्देशित कर रहा हूं।

### किसी को नहीं पता दर्शकों की पसंद!

अनुभव सिन्हा ने आगे कहा, जिन फिल्मों को मैं प्रोड्यूस या डायरेक्ट नहीं करता, उन्हें मैं कंट्रोल नहीं करता। आप आगे चलकर मेरे द्वारा निर्देशित फिल्मों में अंतर देखेंगे। यह दर्शकों को क्या चाहिए पर आधारित नहीं होगा, बल्कि मैंने क्या गलत किया? इस पर आधारित है। निर्देशक का कहना है, देखिए, दर्शकों को क्या चाहिए, ये किसी को कभी पता नहीं चलेगा। जो कहते हैं कि उन्हें समझ आ गया, वे झूठ बोल रहे हैं।

### ओटीटी पर दी ये प्रतिक्रिया

अनुभव सिन्हा ने कहा, ये सभी खोखले सिद्धांत हैं। आप दर्शकों का अनुमान नहीं लगा सकते हैं। अनुभव सिन्हा का कहना है कि फिल्म के संदेश से समझौता किए बिना एक शानदार फिल्म बनाना ही महत्वपूर्ण है। और अगर कोई फिल्म थिएटर में बेहतर प्रदर्शन नहीं करती है तो वह ओटीटी पर अच्छी चलेगी। मेरा मानना है कि इस समय दर्शकों ने थिएटर में नहीं, बल्कि ओटीटी पर फिल्म देखना पसंद किया है। हालांकि, ऐसा कोई नियम नहीं बना है। इस तरह का कोई नियम नहीं है। न ही कोई ऐसा नियम बनेगा।



# प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत संकल्प' को पूरा करें जन-जन : डॉ. महेश शर्मा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने में अपना भरपूर सहयोग दें। डबल इंजन की सरकार ने जो जन-कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं उससे क्षेत्रवासियों को बड़ी संख्या में जोड़ा जाए।

नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने यह बात लोकसभा क्षेत्र के खुर्जा, सिकन्द्राबाद एवं जेवर विधानसभा के गांव गोविन्दगढ, खबरा, शहबाजपुर दौलत, करौरा, दिनौल, नगलिया टक्कर, पालरा, माछीपुर, चचूरा, चिंगरावली, रजपुरा कलां, ककोड़, सहपानी, देवली, कुरली, सिरोधन सिकन्द्राबाद में आयोजित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" में कही।

उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों के साथ सम्मिलित होकर डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर भाजपा तथा प्रधानमंत्री पर अपना अटूट विश्वास जताया है। सरकार ने जो योजनाएं आमजन के लिए चलाई हैं उसका लाभ सबको मिले इसके लिए यह विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। कार्यक्रम में खुर्जा विधानसभा से विधायक श्रीमती मीनाक्षी सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, सांसद प्रतिनिधि खुर्जा, विधायक सिकन्द्राबाद लक्ष्मीराज सिंह, शैलेश तेवतिया (चेयरमैन), पूर्व विधायक विजेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, धर्मेन्द्र तेवतिया, सुरेश चंद शर्मा सांसद प्रतिनिधि सिकन्द्रबाद, सतपाल तालान सांसद प्रतिनिधि जेवर, सोनू वर्मा सांसद प्रतिनिधि जेवर, दीपक दुल्हेरा, बुलन्दशहर जिला अध्यक्ष विकास चौहान, सचिन शर्मा, सुन्दर पाल तेवतिया, चेयरमैन डा. प्रदीप दीक्षित, हरेन्द्र सिंह पवांर, पिंकी वोहरा, पुष्पेन्द्र भाटी, कुंवरपाल सिंह, संजय भड़ाना, गजेन्द्र मावी गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष, सुनील ठाकुर, दुष्यंत चौधरी, प्रताप शर्मा, ओमकार भाटी, उदयवीर सिंह, अशोक शर्मा, मण्डल अध्यक्ष, प्रदीप अत्री, रविन्द्र शर्मा उर्फ बॉबी, धर्मेन्द्र भाटी, मनोज जैन, संजीव शर्मा, संजय रावत, सुरेन्द्र सिंह, मोनिका सिंह, नरेश सोलंकी, भारत भूषण, शिव कुमार गौतम, सुदेश चौधरी, वेदप्रकाश मलिक, पंकज कौशिक, विरेन्द्र यादव, चौ0 ब्रजवीर सिंह, किरनपाल, सुदंर यादव, हरिओम डांगर, पंकज प्रधान, सुमित चौहान, देवेन्द्र भारद्वाज, बलवेन्द्र आदि पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# चाकुओं से गोद कर नृशंस हत्या

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना नॉलेज पार्क में एक युवक पर हत्यारें तब तक चाकू से वार पर वार करते रहे, जब तक ग्रामीण की सांसें बंद नहीं हो गई। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद हत्यारे फरार हो गए। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के कोंडली गांव निवासी मृतक की हत्या का आरोप गांव के लोगों पर लगा है।




ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार के अनुसार, शुक्रवार की देर शाम कोंडली गांव में 40 वर्षीय विक्रम सिंह चौहान अपने परिवार के साथ रहता था। वह शुक्रवार की शाम को अपने खेत पर गया था, जहां पर विक्रम सिंह ने कुछ लोगों के साथ मिलकर पहले पार्टी की। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद और इसके बाद उन्हीं लोगों ने विक्रम सिंह को मौत के घाट उतार दिया।

विक्रम के छोटे भाई रविंद्र चौहान ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। रविन्द्र चौहान ने 11 लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तत्काल केस दर्ज कर लिया।

# राममय हो जाएगा गौतमबुद्धनगर, रामकथा रामायण पाठ व भजन-कीर्तन से गूंजेंगे मंदिर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अयोध्या में निर्माणाधीन भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व गौतमबुद्धनगर पूरी तरह भगवान श्रीराम के रंग में रंग जाएगा। जनपद के सभी मंदिरों में रामकथ, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन व भगवान राम से जुडे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि यह उत्तर प्रदेश शासन का बहुत ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, इसलिए अधिकारी कार्यक्रम की गंभीरता को देखते हुए अपनी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें। उन्होंने बताया कि श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जनपद में 14 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक सभी राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों एवं वाल्मीकि मंदिरों में राम कथा, रामायण पाठ, भजन/कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। प्रत्येक आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, दरी बिछावन, ध्वनि, प्रकाश, सूक्ष्म जलपान आदि की व्यवस्था जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर सुनिश्चित कर ली जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र में राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों एवं वाल्मीकि मंदिरों का चयन करते हुए मंदिरों का पूरा पता, फोटो, जीपीएस लोकेशन, मंदिर प्रबंधक का संपर्क नंबर एवं नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम, पता एवं मोबाइल नंबर संस्कृति विभाग के पोर्टल https://culturalevents.in/ramotsav पर उपलब्ध कराएं।

इस कार्यक्रम के तहत वाल्मीकि रामायण में उल्लिखित श्री राम जी के आदर्शों, मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जनमानस को इस अभियान से जोड़ा जाए एवं मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन/दीपदान के साथ-साथ राम कथा प्रवचन, अनवरत रामायण/ रामचरितमानस का पाठ/सुंदरकांड आदि के कार्यक्रम भी आयोजित करायें।

# 'आप' सांसद संजय सिंह की रिहाई के लिए उपवास

**नोएडा (चेतना मंच)।** आम आदमी पार्टी ने अपने सांसद और उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह की जेल से अपील के बाद भारत माता की प्रतिमा के समक्ष उपवास रखा। जिला महासचिव राकेश अवाना के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं व संगठन के पदाधिकारी ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष उपवास करके अपने सांसद की रिहाई की प्रार्थना की।




इस मौके पर जिला महासचिव राकेश अवाना ने अपने आसपास के शिविरों में जाकर के जो लोग ठंड में दिन गुजार रहे थे उनको कम्बल बांटे। इस मौके पर राकेश अवाना ने कहा कि सांसद संजय सिंह की रिहाई के लिए आप नेताओं पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ भारत माता की प्रतिमा के समक्ष उपवास रखा। इस मौके पर अपील कि की उनके नेता की जल्द से जल्द रिहाई की जाए। उन्होंने कहा कि जब तक संजय सिंह की रिहाई नहीं होगी तब तक ऐसे ही हर शुक्रवार को हम लोग भारत माता की प्रतिमा के समक्ष एकत्र होंगे और बड़ी से बड़ी संख्या में अपील करेंगे उपवास करेंगे।

जिला महासचिव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम आदमी पार्टी से घबरा गई है इसी के चलते आप नेताओं को अवैध तरीके से जेल भेजने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों केजरीवाल को भी ईडी द्वारा लगातार समन भेजा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी लगातार आप नेताओं को जेल भेज कर पार्टी को खत्म करना चाहती है।

इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत रावत, नोएडा विधानसभा अध्यक्ष नितिन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण धीमान, नोएडा विधानसभा उपाध्यक्ष सतीश गौतम, नोएडा विधानसभा सचिव प्रिंस, विष्णु ठाकुर, सुरेंद्र सिंह, सिकंदर गुप्ता, पिंटू यादव, राजेंद्र ,आदि कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट महागुन मायवुड सोसाइटी के हम वेलफेयर ग्रुप की तरफ से गरीबों एवम जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए।

आज भी ठंड की रातों में कई गरीब लोग ऐसे है जो सड़कों पर रहने को मजबूर हैं।

ऐसे जरूरतमंदों के लिए हम संस्था ने गरम कंबल बांटने की मुहिम चलाई। इसमें संस्था के सदस्यों के अलावा स्थानीय निवासियों ने भी हिस्सा लिया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि आगे भी जरूरतमंदों को कंबल बांटे जाएंगे।

# प्राधिकरण के एसीईओ व उद्यान निदेशक ने गरीबों को बांटे कम्बल



**नोएडा (चेतना मंच)।** बचपन बचाओ सेवा समिति के सौजन्य से शुक्रवार को नोएडा सेक्टर 10 स्थित बी ब्लॉक पार्क में गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल तथा उद्यान विभाग के निदेशक महेंद्र प्रकाश ने अपने हाथों से कंबल बांटकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने कहा कि ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व जरूरतमंद लोगों की परेशानी को देखते हुए समय पर बचपन बचाओ सेवा समिति एनजीओ द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है, जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद लोगों की सेवा ही मानवता की सेवा है।

इस मौके पर बचपन बचाओ सेवा समिति के उपाध्यक्ष सुरेश शाह, महासचिव गौरव कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ मनोज जायसवाल, सरोज गुप्ता, हीरा साह, अशोक सैनी, प्रदीप कुमार,राहुल, बैद्यनाथ साह ,विजेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र शाह, मुरली, अशोक, संतोष, उत्कर्ष,गोपाल राय, उमेश सिंह, बब्बन यादव, मुकेश गर्ग ,विष्णु, डॉक्टर पी के विश्वाश, श्रीमती कल्याणी देवी, वीणा देवी, राधा देवी, सोनाली कुमारी, हेमंत कुमार, अमरदीप गुप्ता, अनुपम, मोजम्मिल खान आदि शामिल थे।

# भाजपा ने मंडल अध्यक्षों के नाम किये घोषित

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने लम्बे इंतजार के बाद गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के दादरी व जेवर विधानसभा क्षेत्र में नए मंडल अध्यक्षों के नाम का ऐलान कर दिया है। भाजपा नेतृत्व ने शुक्रवार सुबह ही नोएडा में 4 मंडल अध्यक्षों के नाम घोषित किए थे।

## 11 मंडल अध्यक्षों के नामों का ऐलान

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के नोएडा, जेवर व दादरी में मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। मंडल अध्यक्षों के नामों को फाइनल करने के लिए भाजपा नेतृत्व ने लम्बा समय लिया है। भाजपा ने कासना मंडल का अध्यक्ष दिनेश भाटी को बनाया है। जेवर में संजय रावत, दनकौर में हरिदत्त शर्मा तथा रबूपुरा मंडल का अध्यक्ष सुनील कुमार को बनाया है। इसी प्रकार ग्रेटर नोएडा में मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी महेश शर्मा को पार्टी नेतृत्व ने सौंपी है। सूरजपुर में मनोज भाटी, जारचा में विचित्र तोमर, दादरी देहात में संजय भाटी, दादरी नगर में राजीव सिंघल, बादलपुर में महेन्द्र नागर व बिसरख मंडल का अध्यक्ष मुकेश चौहान को बनाया गया है।

# 'हरित रसायन का उपयोग खतरनाक पदार्थों का उत्पादन कम करेगा'




**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ क्लिक केमेस्ट्री रिसर्च एंड स्टडीज द्वारा "हरित और स्थायी रसायन विज्ञान की प्रवृत्तियां " विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ पर द सिटी यूनिवर्सीटी ऑफ न्यूयार्क के मेडगर एवर कॉलेज के रयासन व पर्यावरण विभाग के प्रो मिशेल विट्टाडेलो ने कहा कि एमिटी विश्वविद्यालय क्लिक केमेस्ट्री के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रहा है और यह संगोष्ठी युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी जो आपसी विचारों को साझा करने का माध्यम बनेगी। प्रो विट्टाडेलो ने फंक्शनल नैनोमैटेरियल्स, बायोमैटेरियल्स, नैनोटेक्नोलॉजी एंड मैटेरियलस केमेस्ट्री आदि के बारे में जानकारी दी।

द सिटी यूनिवर्सीटी ऑफ न्यूयार्क के द सिटी कॉलेज के रयासन व बायोकेमेस्ट्री विभाग के प्रो महेश लक्ष्मण ने कहा कि वर्तमान में हरित व स्थायी रसायन बेहद महत्वपूर्ण है ऐसे में एमिटी द्वारा आयोजित इस प्रकार के संगोष्ठी छात्रों के लिए लाभदायक होगें। हरित रसायन का उपयोग, खतरनाक पदार्थो के उत्पादन को कम करने मे मदद करता है जो पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है जिससे एक स्थायी पर्यावरण सुनिश्चित होता है।

एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्र देश का भविष्य है और विश्व को सभी के लिए एक बेहतर जगह बनाने की जिम्मेदारी उनपर है इसलिए छात्रों कों अनुसंधान के माध्यम से नई प्रौद्योगिकियों और नवाचारों का निर्माण करना चाहिए जिनका उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए किया जा सके।

एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ क्लिक केमेस्ट्री रिसर्च एंड स्टडीज की निदेशक डा मोनालिसा मुखर्जी, यूएसए के मैसाचुसेट्स के इंस्टीटयूट ऑफ एडवांसड सांइसेस के निदेशक प्रो बल राम सिंह, द सिटी यूनिवर्सीटी ऑफ न्यूयार्क के द सिटी कॉलेज के रयासन व बायोकेमेस्ट्री विभाग की प्रो बारबरा, द सिटी यूनिवर्सीटी ऑफ न्यूयार्क के मेडगर एवर कॉलेज के रयासन व पर्यावरण विभाग की डा हर्षा राजपक्षे और दार्जिलिंग के नार्थ बंगाल विश्वविद्यालय के प्रो भाष्कर विश्वास ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

शराब छुड़ाए बिना बताए
अफीम, चरस, स्मैक की आदत छुड़ायें
नशा मुक्ति केन्द्र
नोएडा
नया बाँस, सैक्टर-15, नरूला होटल के सामने, कार पार्किंग के पिछले कोने के पास
रोजाना 1 से 4 बजे तक (मंगलवार बन्द)
फरीदाबाद
सैक्टर-15ए पटेल भवन निकट (बीकानेर मिष्ठान भण्डार)
(सिर्फ हर मंगलवार) समय 10 बजे से शाम 6 बजे तक
मो०-9818250344

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower,Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

